Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्षः 6 अंकः 346 | शुक्रवार, 19 दिसंबर -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## 22 को पेश किया जाएगा अनुपूरक बजट

# उत्तर प्रदेश विधानमंडल का शीतकालीन सत्र आज होगा शुरू

**लखनऊ।**

विधानमंडल का शीतकालीन सत्र शुक्रवार से शुरू होगा। 24 दिसंबर तक चलने वाले इस सत्र में 22 दिसंबर को अनुपूरक बजट पेश करने के साथ ही वंदे मातरम्‌ पर पांच घंटे चर्चा की जाएगी। सत्र को लेकर गुरुवार को विधान भवन में आहूत सर्वदलीय बैठक में विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना ने सत्र के सुचारू संचालन में सभी दलों से सहयोग करने की अपील की। महाना ने कहा कि पिछले सत्र में अनेक महत्वपूर्ण मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा-परिचर्चा हुई थी। सभी दलों के सहयोग से जनोपयोगी मुद्दों पर तार्किक, तथ्यपरक और गुणवत्तापूर्ण चर्चा के माध्यम से जनसमस्याओं का सार्थक समाधान किया जा सकता है। मुख्यमंत्री व नेता सदन योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सदन जन



आकांक्षाओं को रखने का महत्वपूर्ण माध्यम है। वर्तमान सत्र में हमें महत्वपूर्ण मुद्दों के साथ ही, विधेयकों पर सार्थक चर्चा करने का अवसर प्राप्त होगा। विधेयकों पर चर्चा करते समय उनके वास्तविक कांसेप्ट व स्वरूप को सदन में प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है। सभी को आश्वस्त किया कि सरकार सभी चचाओं में भाग लेते हुए प्रत्येक प्रश्न का सकारात्मक जवाब देगी तथा सुझावों से समाधान का प्रयास करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले सत्र में विकसित उत्तर प्रदेश विजन डाक्यूमेंट-2047 पर लगातार 27 घंटे चर्चा करने वाला उत्तर प्रदेश एक मात्र राज्य है। विकसित उप्र के विषय में पूरे प्रदेश से 98 लाख सुझाव आए हैं। आइआइटी कानपुर के साथ मिलकर विजन डाक्यूमेंट बनाया जाएगा। इस चर्चा को पुस्तक का स्वरूप प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के रूप मनाया जाता है।

### शीतकालीन सत्र का कार्यक्रम

सर्वदलीय बैठक से पूर्व आयोजित कार्यमंत्रणा समिति की बैठक में विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना ने बताया कि कि सत्र के पहले दिन शुक्रवार को दिवंगत सदस्यों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की जाएगी। शनिवार–रविवार को अवकाश के बाद 22 दिसंबर को वित्तीय वर्ष 2025–26 का अनुपूरक बजट पेश होगा। इसी दिन वंदे मातरम्‌ पर पांच घंटे सदन में चर्चा की जाएगी। 23 व 24 दिसंबर को विधायी कार्य और चचाएं होंगी।

## सुकमा में सुरक्षाबलों का बड़ा वार!12 लाख के इनामी 3 खूंखार माओवादी ढेर

**नई दिल्ली।**

पुलिस ने बताया कि 18 दिसंबर को छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में एक मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने एक महिला समेत तीन माओवादियों को मार गिराया। यह ऑपरेशन सुकमा डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड (ऊफऋ) ने गोलापल्ली पुलिस स्टेशन इलाके की जंगली पहाड़ियों में माओवादियों की मौजूदगी के बारे में खास खुफिया जानकारी मिलने के बाद किया।



छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में बृहस्पतिवार को सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में कुल 12 लाख रुपए के इनामी एक महिला सहित तीन माओवादियों को मार गिराया। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि 18 दिसंबर को छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में एक मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने एक महिला समेत तीन माओवादियों को मार गिराया। यह ऑपरेशन सुकमा डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड (ऊफऋ) ने गोलापल्ली पुलिस स्टेशन इलाके की जंगली पहाड़ियों में माओवादियों की मौजूदगी के बारे में खास खुफिया जानकारी मिलने के बाद किया। सुकमा के पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण के अनुसार, ऊफऋ टीम ने विश्वसनीय जानकारी मिलने के बाद तलाशी अभियान शुरू किया। ऑपरेशन के दौरान, सुबह से ही सुरक्षाकर्मियों और माओवादियों के बीच रुक-रुक कर गोलीबारी हुई।


## पीएम आवास योजना में धोखाधड़ी, 71 अपात्रों को मिला लाभ

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी के तहत गंभीर अनियमितताओं का मामला सामने आया है। पात्रता मानकों की अनदेखी करते हुए तीन लाख रुपये से अधिक वार्षिक आय वाले 71 लाभार्थियों को आवास आवंटित किए गए। इनमें 51 लाभार्थी शहरी स्थानीय निकायों और विभिन्न सरकारी विभागों में कार्यरत अधिकारी और कर्मचारी हैं। यह राजफाश बुधवार को विधानसभा में पेश नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) की मार्च 2023 को समाप्त अवधि की प्रदर्शन व अनुपालन लेखा परीक्षा (सिविल) रिपोर्ट में हुआ है।

## कोहरे और गलन की चपेट में उत्तर भारत

**नई दिल्ली।**

देश के बड़े हिस्से में ठंड का असर बढ़ता जा रहा है। उत्तर भारत में कोहरा और गलन से जनजीवन प्रभावित है, जबकि जम्मू-कश्मीर, हिमाचल और उत्तराखंड में बर्फबारी और बारिश की संभावना बनी हुई है। राजस्थान में शीतलहर तेज है। देश के बड़े हिस्से में सर्दी का असर लगातार बढ़ता जा रहा है। मौसम विभाग (आईएमडी) के अनुसार उत्तर भारत के मैदानी इलाकों में जहां दिन में गलन और सुबह-शाम कोहरा लोगों को परेशान कर रहा है, वहीं पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी और शीतलहर से ठंड और तेज हो गई है। जम्मू-कश्मीर और हिमाचल



प्रदेश के ऊंचाई वाले इलाकों में आने वाले दिनों में हल्की से मध्यम बर्फबारी और निचले क्षेत्रों में बारिश का अनुमान है। उत्तर भारत के मैदानी राज्यों में सुबह और रात के समय कोहरा छाया हुआ है। कोहरे और ठंडी हवाओं के कारण दिन में भी ठंड का अहसास बना हुआ है। मौसम विभाग का कहना है कि अगले कुछ दिनों तक उत्तर-पश्चिम भारत में न्यूनतम तापमान में बहुत बड़े बदलाव की संभावना नहीं है, लेकिन कोहरे और गलन का असर बना रह सकता है। दिसंबर के दूसरे पखवाड़े में पहाड़ों में बर्फबारी और मैदानी इलाकों में कोहरा व ठंड लोगों की मुश्किलें बढ़ा रहे हैं। आईएमडी ने पहाड़ी क्षेत्रों में यात्रा करने वालों और मैदानी इलाकों में वाहन चालकों को मौसम की जानकारी लेकर ही निकलने की सलाह दी है। इस बीच, कश्मीर घाटी में सर्दी का प्रकोप जारी है। बादलों के कारण दिन में धूप नहीं निकल पाई, जिससे गलन बनी रही। हालांकि, रात के न्यूनतम तापमान में हल्का सुधार दर्ज किया गया और कई इलाकों में पारा माइनस से बाहर आकर शून्य के आसपास रहा।

## ठाणे के ब्लू रूफ क्लब में लगी भीषण आग



**ठाणे।**

महाराष्ट्र के ठाण में गुरुवार रात 10:30 बजे घोड़बंदर रोड इलाके में स्थित ब्लू रूफ क्लब में आतिशबाजी के कारण भीषण आग लग गई। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। ठाणे नगर निगम के आपदा विभाग अधिकारी यस्तीन ताडवी ने बताया कि हम आग लगने का कारण स्पष्ट रूप से नहीं बता सकते, लेकिन आग भीषण थी। आपदा प्रबंधन टीम को सूचना मिलते ही दमकल कर्मियों को तुरंत मौके पर भेजा गया। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। किसी के हताहत होने या घायल होने की कोई खबर नहीं है।

## तकनीकी खराबी के कारण विशाखापत्तनम जाने वाली एयर इंडिया की उड़ान रद

**विजयवाड़ा।** आंध्र प्रदेश में विजयवाड़ा के निकट गन्नावरम हवाई अड्डे पर विशाखापत्तनम जाने वाली एअर इंडिया की एक उड़ान तकनीकी खराबी के कारण बृहस्पतिवार को रद कर दी गई। यहां एक अधिकारी ने यह जानकरी दी। पूर्व उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू, आंध्र प्रदेश के कृषि मंत्री के अत्चन्नायडू और वाईएसआरसीपी के वरिष्ठ नेता बी सत्यनारायण उन यात्रियों में शामिल थे जिन्हें अपनी यात्रा रद करनी पड़ी। विजयवाड़ा हवाई अड्डे के निदेशक लक्ष्मीकांत रेड्डी ने पीटीआई से कहा कि इंजन में कुछ खराबी के कारण उड़ान रद कर दी गई। रेड्डी के अनुसार, गुरुवार को रात करीब 8:30 बजे विमान में तकनीकी खराबी आ गई। इस बीच, एयर इंडिया के प्रवक्ता ने कहा कि तकनीकी खराबी की पहचान उड़ान भरने से पहले ही कर ली गई थी।



### उत्तराखंड को सीएम धामी का बड़ा तोहफा

## सड़क-रोपवे, स्वास्थ्य और शिक्षा के लिए 183.97 करोड मंजूर

**देहरादून।**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य में सड़क, रोपवे, स्वास्थ्य, आवास, शिक्षा व आधारभूत ढांचे से जुड़ी विकास योजनाओं के लिए कुल 83.97 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की है। मुख्यमंत्री श्री धामी ने मसूरी तथा रानीबाग (काठगोदाम) से नैनीताल मार्ग पर रोपवे निर्माण के फिजिबिलिटी अध्ययन के लिए 3.30 करोड़, यमनोत्री बड़कोट-पौंटी मोटर मार्ग के डामरीकरण व हेलीपैड की बाउंड्री निर्माण के लिए 1.89 करोड़, हरिद्वार के मंगलौर-रुड़की आवासीय परियोजना में मार्ग निर्माण के लिए 2.49 करोड़, राजकीय मेडिकल कालेज, रुद्रपुर के निर्माण कार्यों के एस्टीमेट के लिए 35 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की। इसके अलावा नगर पंचायत गूलरभोज क्षेत्र के कोपा स्थित श्मशान घाट के निर्माण व नवीनीकरण के लिए 80 लाख, नगर निगम कोटद्वार क्षेत्र में एबीसी सेंटर के निर्माण को 2.68 करोड़ तथा क्लस्टर विद्यालय योजना के अंतर्गत जनपद देहरादून व टिहरी में चिह्नित तीन विद्यालयों के निर्माण कार्यों के लिए 5.46 करोड़ की धनराशि मंजूर की गई। मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड निवेश एवं आधारिक संरचना विकास बोर्ड के अंतर्गत शारदा घाट पुनर्विकास परियोजना के निर्माण के लिए 107.35 करोड़ की स्वीकृति दी।



साथ ही राज्य के सभी जनपदों में पुलिस उपाधीक्षक कार्यालय परिसरों में वीसी संसाधनों के माध्यम से साक्षियों की परीक्षा कराने के लिए 21 जनरेटर खरीदने के लिए 15.55 करोड़ तथा जनपद ऊधम सिंह नगर के खटीमा विधानसभा क्षेत्र में बिगराबाग से चकरपुर तक मार्ग को उच्चीकृत कर एक लेन से डेढ़ लेन किए जाने के लिए 9.45 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की।

## थाईलैंड ने कंबोडिया पर फिर किए हवाई हमले

**नई दिल्ली।**

कंबोडिया पर उसके पड़ोसी देश थाईलैंड ने गुरुवार को और हवाई हमले किए हैं। थाईलैंड के युद्धक विमानों ने उन ठिकानों को निशाना बनाया जहां कंबोडियाई सेना ने अपने रॉकेटों को संग्रहित किया था। पिछले हफ्ते शुरू हुए इस सैन्य संघर्ष में इन रॉकेटों से ही कंबोडिया ने कहर ढाया था।

थाईलैंड की सेना ने अपने जेट फाइटरों ने एक गोदाम पर हमला थाईलैंड की सेना ने अपने जेट फाइटरों ने एक



गोदाम पर हमला किया, जहां कंबोडियाई सेना ने उन राकेटों को जमा कर रखा था। दोनों देशों के बीच सीमा पर उन क्षेत्रों को लेकर संघर्ष चल रहा है, जिनका दोनों ही दावा करते हैं। सीमावर्ती कई विवादित क्षेत्रों में सदियों प्राचीन शिव मंदिर समेत कई पुराने मंदिरों के अवशेष हैं, जो लड़ाई के कारण क्षतिग्रस्त हो गए हैं। थाईलैंड का कहना है कि कंबोडियाई बलों ने इन्हें अपने ठिकाने के रूप में इस्तेमाल किया है। हालिया व्यापक लड़ाई का दौर 8 दिसंबर को शुरू हुआ, जब एक सीमा संघर्ष में दो थाई सैनिक घायल हो गए। तब से कई मोर्चों पर लड़ाई छिड़ गई है। थाईलैंड ने कंबोडिया में एफ-16 जेट फाइटर्स से हवाई हमले किए हैं और कंबोडिया ने ट्रक-माउंटेड लांचरों से हजारों मध्यम दूरी के बीएम-21 रॉकेट दागे हैं।

## भारत का इस देश के साथ रक्षा समझौता विदेश मंत्री से मिले राजनाथ सिंह

**नई दिल्ली।**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने यहां डच विदेश मंत्री डेविड वान वील से मुलाकात की, जिसमें दोनों नेताओं ने "सह-विकास और सह-उत्पादन" के लिए रक्षा उपकरणों के प्राथमिक क्षेत्रों सहित द्विपक्षीय सुरक्षा और रक्षा मुद्दों पर चर्चा की। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि भारत और नीदरलैंड के बीच रक्षा सहयोग पर एक समझौता पत्र भी दोनों मंत्रियों की उपस्थिति में हस्ताक्षरित किया गया। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह और भारत में नीदरलैंड के राजदूत मारिसा गेराड्‌र्स के बीच गुरुवार को इन दस्तावेजों का आदान-प्रदान किया गया। मंत्रालय ने कहा कि राजनाथ सिंह ने डच विदेश मंत्री के साथ मुलाकात में "दोनों देशों के बीच मजबूत और बढ़ती रक्षा साझेदारी" की पुष्टि की। दोनों मंत्रियों ने द्विपक्षीय सुरक्षा और रक्षा मुद्दों पर चर्चा की, जिसमें रक्षा उपकरणों के सह-विकास और सह-उत्पादन के प्राथमिक क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया गया। उन्होंने रणनीतिक साझेदारी के एक प्रमुख स्तंभ के रूप में रक्षा सहयोग को विकसित करने पर ध्यान केंद्रित करते हुए सैन्य सहयोग को बढ़ाने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की।



## संपादक की कलम से

# फिल्म में सच्चाई

हमारे देश में हर चीज में राजनीति घुसेडा एक आदत सी बन गई है और यह बात तथाकथित लिबरल और हमारे थके–पके कम्युनिस्ट भाइयों पर पूरी तरह से लागू होती है। अब ताजा संदर्भ है एक मूवी का जिसका नाम है धुरंधर। अनछुए विषय पर बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर तो धमाल मचाया ही, सोये हुए भारतीयों को फिर जगा दिया। और यहीं से लेफ्ट लिबरल लोगों की तकलीफ बढ़ गई कि क्यों पुराने जख्म कुरेदे गए या फिर



ललित शर्मा
संपादक

पाकिस्तान को बैड लाइट में दिखाया गया। लेकिन जो सच है, उसे छुपाना कैसा? फिल्मकार आदित्य धार ने एक पुराने लेकिन प्रासंगिक विषय पर एक फिल्म बना डाली। यह कहानी है पाकिस्तान के कराची शहर की जहां का सबसे पुराना इलाका ल्यारी गैंग वार से दशकों से आतंकित रहा है। उसी ल्यारी में एक खूंखार डॉन होता था जिसका नाम था बाबू बलोच। लेकिन वह बाबू डकैत के नाम से जाना जाता है। उसकी दहशत इतनी थी कि लोग उसका नाम सुनते ही कांपने लगते थे। बाबू बलोच को रहमान नाम के दूसरे बलोच ने मार गिराया और खुद वहां का बेताज बादशाह बन बैठा। रहमान डकैत बेहद क्रूर और निर्दयी था। इनसानी जिंदगी की उसके पास कोई कीमत नहीं थी। उसके ही गैंग में धुरंधर यानी भारतीय एजेंट हमजा बलोच बनकर जा घुसा। इस फिल्म की कहानी में उन डकैतों की जिंदगी और एक आईएसआई एजेंट की मिलीभगत के सीन भी हैं। एक पुलिस अफसर असलम की भी कहानी है जो डकैतों को खत्म करने में लगा था। कई सालों तक कराची में उसका नाम गूंजता था। कहा जाता है कि बाद में जब तालिबान कराची में घुसे तो उन्होंने एसपी असलम को ही उड़ा दिया। बहरहाल इस फिल्म से लिबरल और कम्युनिस्टों को तकलीफ यह है कि इसमें कराची के मुसलमानों के बारे में सच–सच दिखाया गया। हिंदुओं के बारे में कहा गया कि वे डरपोक होते हैं। इन बातों से उन्हें बहुत तकलीफ हो रही है और पाकिस्तानी मीडिया के सदस्यों की तरह ही इसे गलत साबित करने में लगे हुए हैं। लेकिन यह सब कुछ सच है। आप पूछेंगे कि कैसे? तो मैं बताता हूं कि भारत–पाकिस्तान क्रिकेट श्रृंखला कवरेज के लिए मैं नवभारत टाइम्स की ओर से पाकिस्तान गया था। वहां मुझे दोनों पहलू दिखे। एक ओर मेरी एक भारतीय के तौर पर बहुत खातिर हुई तो दूसरी ओर मुझे कुछ ऐसे पाकिस्तानी भी मिले जो भारत को बिल्कुल पसंद नहीं करते थे। दैनिक अखबार जंग के एक सीनियर जर्नलिस्ट थे जिनका नाम मुझे याद नहीं है, भारतीय पत्रकारों के लिए शाकाहारी खाना लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में लाते थे। वह लीजर टाइम में या फिर लंच टाइम में पाकिस्तान के बारे में काफी कुछ बताते थे। उससे मुझे मालूम पड़ा कि कैसे वहां क्राइम और करप्शन का बोलबाला है। मैंने खुद वहां इमिग्रेशन और कस्टम काउंटर पर रिश्वत दी क्योंकि वह एक रिवाज था। इतना ही नहीं एक बार मैं और मेरे फोटोग्राफर मित्र विमल सक्सेना जब लाहौर के बाजार में घूम रहे थे तो वहां हमारा एक दुकानदार से डॉलर बदलने के मामले में विवाद हो गया तो फिर हमारे फोटोग्राफर मित्र लड ? की मुद्रा में आ गए थे, दिल्ली स्टाइल में। फिर लोगों ने बीच–बचाव कराया। मैंने अपने मित्र का हाथ पकड़ा तो उसी समय उस दुकानदार ने कहा कि हिंदू डरपोक होते हैं। यह मेरे कानों से सुनी बात है। अगर फिल्म में ऐसा कहा गया है तो सोलह आने सही कहा गया है। पहले वहां यही माना जाता था। अब हालात शायद बदले हैं। इसका कारण यह भी था कि पाकिस्तान बनाने की बात जिन्ना ने जब सोची तो उसने डायरेक्ट एक्शन की बात की जिसके तहत आठ लाख हिंदू और सिख मार दिए गए।

## उदय किशोर साह



### मिलन

### कविता

हँसीन हो जाती है फिजां की ये नजारा
मुस्कुराती है तब चमन की कलियाँ सारा
जब होता है तेरा मेरा। उपवन में मिलन
प्यार से रौशन हो जाता है। ये तपोवन

कल कल बहती है पहाड़ी से निकल नदियां
पागल सा दिखती है ये सजी धजी वादियां
सरगम की छेड़ देती है सातो स्वर की गान
पूरवाई भी कर रही मोहब्त की सम्मान

सूरज की किरणों का धरा पे है डाले डेरा
लाली से रंग गई है ये स्वर्णिम नई सवेरा
पक्षी की कलरव लगता है सुन्दर दिनमान
कितना पावन है देवभुमि का ये विधान

रूनझून तेरी पायलियॉ करती जब है शोर
जंगल में नाच रहा होता है मोरनी मोर
व्योम पे बादल की तन चुकी है बागडोर
क्या सूरज छिप जायेगा आसमां पे पोर पोर

चलो बैठ कर पीपल तले करते है कुछ बात
जो होगी हम दोनों के बीच वो बल्कुल ही खास
भले ही तन मन अपना हो भौतिक रूप से अलग
पर जियेगें तेरे साथ मरेगें तेरे साथ रहेगें सलग

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

## अंतर्राष्ट्रीय मानव एकजुटता दिवस -20 दिसंबर, 2025

# मानव एकजुटता से ही बचेगा मानव-सभ्यता का अस्तित्व



ललित गर्ग



अंतर्राष्ट्रीय मानव एकजुटता दिवस हर साल 20 दिसंबर को मनाया जाता है, जिसे संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 2005 में घोषित किया था और इसका मुख्य उद्देश्य गरीबी उन्मूलन, सतत विकास और विविधता में एकता को बढ़ावा देने के लिए लोगों को एकजुटता के महत्व के बारे में जागरूक करना है, ताकि वैश्विक चुनौतियों से मिलकर निपटा जा सके। इस दिवस को मनाते हुए मुख्य विचार है कि ह्यएकजुटता में नवाचार और प्रौद्योगिकीह्न, ह्ययुवा-नेतृत्व वाली एकजुटताह्न और ह्यसतत विकास लक्ष्यों के लिए एकजुटताह्न जैसे विषयों पर केंद्रित है। आज की दुनिया एक विचित्र और विरोधाभासी दौर से गुजर रही है। एक ओर विज्ञान, तकनीक और संचार ने पूरी पृथ्वी को एक छोटे से गाँव में बदल दिया है, तो दूसरी ओर मनुष्यों के बीच की दूरी, गरीबी, अशिक्षा, अविश्वास और वैमनस्य लगातार बढ़ता जा रहा है। युद्ध, आतंक, हिंसा, नस्लवाद, धार्मिक कट्टरता और आर्थिक असमानता ने मानव सभ्यता के मूल उद्देश्य पर ही प्रश्नचिह्न लगा दिया है। ऐसे समय में अंतर्राष्ट्रीय मानव एकता एवं एकजुटता दिवस न केवल नये मानवीय मूल्यों से प्रेरित समतामूलक समाज-संरचना की प्रेरणा है, बल्कि मानव जाति के लिए आत्ममंथन और आत्मसुधार का अवसर है। इस दिवस की मूल भावना यही है कि गरीबी का उन्मूलन हो, विकास अंतिम आदमी तक पहुंचे, मनुष्य पहले मनुष्य बने, उसके बाद उसकी पहचान राष्ट्र, धर्म, भाषा, रंग या विचारधारा से हो। आज जब दुनिया अनेक खेमों में बँटती जा रही है, तब ह्लसभी मानव पहले मानवह्न की चेतना को पुनः जाग्रत करना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन गई है।

भारतीय चिंतन ने सदियों पहले ह्लवसुधैव कुटुम्बकमह्न का जो सूत्र दिया था, वह आज भी उतना ही प्रासंगिक है, बल्कि पहले से कहीं अधिक आवश्यक हो गया है। इसका अर्थ केवल इतना नहीं कि पूरी पृथ्वी एक परिवार है, बल्कि यह भी है कि परिवार के हर सदस्य का सुख-दुःख, सम्मान और अस्तित्व समान रूप से महत्वपूर्ण है। दुर्भाग्यवश आधुनिक विश्व ने इस सूत्र को एक सुंदर नारे तक सीमित कर दिया है। व्यवहार में हम राष्ट्रहित, संप्रदायहित और व्यक्तिगत स्वार्थ को मानवहित से ऊपर रख देते हैं। परिणामस्वरूप युद्ध की आग में निर्दोष बच्चे झुलसते हैं, आतंक की छाया में सामान्य नागरिक भय के साथ जीने को मजबूर होते हैं और आर्थिक शोषण के कारण करोड़ों लोग अभाव और भूख की रेखा के नीचे जीवन बिताते हैं। मानव एकता का दिवस हमें यह स्मरण कराता है कि जब तक मनुष्य की दृष्टि संकीर्ण रहेगी, तब तक शांति केवल एक सपना बनी रहेगी। आज के युद्ध केवल सीमाओं पर नहीं लड़े जा रहे, वे विचारों, सूचनाओं और मानसिकताओं में भी लड़े जा रहे हैं। कहीं नस्ल के नाम पर घृणा फैलाई जा रही है, कहीं धर्म के नाम पर हिंसा को सही ठहराया जा रहा है, तो कहीं राष्ट्रवाद के उग्र स्वर मानवता की कोमल आवाज को दबा रहे हैं। आतंकवाद इसी विकृत मानसिकता का सबसे घातक रूप है, जो न धर्म को मानता है, न मानव मूल्यों को। ऐसे में शांति की बातें करना कई लोगों को आदर्शवादी या अव्यावहारिक लग सकता है, किंतु इतिहास साक्षी है कि हिंसा ने कभी स्थायी समाधान नहीं दिया। अस्तित्व की रक्षा केवल शांति, संवाद और सह-अस्तित्व से ही संभव है। मानव एकता दिवस इसी सत्य को वैश्विक चेतना में पुनः स्थापित करने का प्रयास है।

संयुक्त राष्ट्र महासभा के सहस्राब्दी घोषणापत्र में एकजुटता को इक्कीसवीं सदी के अंतर्राष्ट्रीय संबंधों के मूलभूत मूल्यों में से एक बताया गया है, जिसके अनुसार सबसे कम पीड़ित या सबसे कम लाभान्वित लोगों को सबसे अधिक लाभान्वित लोगों से सहायता मिलनी चाहिए। इसलिए, वैश्वीकरण और बढ़ती असमानता की चुनौती के संदर्भ में, अंतर्राष्ट्रीय एकजुटता को मजबूत करना अपरिहार्य है। इसलिए, संयुक्त राष्ट्र महासभा इस बात से आश्वस्त है कि गरीबी से लड़ने के लिए एकजुटता की संस्कृति और साझा करने की भावना को बढ़ावा देना महत्वपूर्ण है। गरीबी उन्मूलन के लिए विश्व एकजुटता कोष की स्थापना और अंतर्राष्ट्रीय मानव एकजुटता दिवस की घोषणा जैसी पहलों के माध्यम से, एकजुटता की अवधारणा को गरीबी के खिलाफ लड़ाई में और सभी संबंधित हितधारकों की भागीदारी में महत्वपूर्ण के रूप में बढ़ावा दिया गया।


मानव एकजुटता का अर्थ केवल संकट के समय सहायता करना नहीं है, बल्कि दैनिक जीवन में संवेदनशीलता, करुणा, समानता और सहानुभूति को अपनाना है। जब हम किसी दूसरे देश के युद्ध पीड़ितों को केवल समाचार की सुर्खी मानकर आगे बढ़ जाते हैं, तब हमारी मानवता कहीं न कहीं मर जाती है। जब शरणार्थियों को बोझ समझा जाता है और गरीब देशों की पीड़ा को अनदेखा किया जाता है, तब वैश्विक एकता का विचार खोखला प्रतीत होता है। मानव एकता का संदेश यह है कि किसी भी कोने में बहाया गया रक्त, पूरी मानवता को आहत करता है और कहीं भी बहाया गया आँसू, हमारी सामूहिक असफलता का प्रतीक है। यह दिवस हमें सिखाता है कि विविधता हमारी कमजोरी नहीं, बल्कि हमारी सबसे बड़ी ताकत है। भाषाएँ अलग हों, पूजा-पद्धतियाँ अलग हों, पर मनुष्य की पीड़ा, उसकी आशा और उसका सपना हर जगह एक जैसा होता है।

हिंसा और युद्ध के इस दौर में शांति की भाषा बोलना साहस का कार्य है। शांति केवल हथियारों के मौन का नाम नहीं, बल्कि न्याय, समानता और सम्मान से उपजा हुआ विश्वास है। जब तक दुनिया में गहरी आर्थिक असमानता रहेगी, जब तक कुछ देशों का विकास दूसरों के शोषण पर आधारित रहेगा, तब तक वास्तविक मानव एकता संभव नहीं है। इसलिए मानव एकजुटता दिवस सामाजिक और आर्थिक न्याय की भी माँग करता है। यह याद दिलाता है कि संपन्नता का उद्देश्य केवल उपभोग नहीं, बल्कि साझेदारी है और शक्ति का उद्देश्य केवल प्रभुत्व नहीं, बल्कि संरक्षण है। आज आवश्यकता इस बात की है कि शिक्षा, मीडिया और राजनीति मानव एकता के मूल्यों को बढ़ावा दें। बच्चों को प्रारंभ से ही यह सिखाया जाए कि दूसरे का दर्द समझना कमजोरी नहीं, बल्कि सबसे बड़ी शक्ति है। युवाओं में वैश्विक नागरिकता की भावना विकसित हो, जिसमें वे स्वयं को केवल किसी एक राष्ट्र का नहीं, बल्कि पूरी मानवता का उत्तरदायी सदस्य मानें। तकनीक का उपयोग नफरत फैलाने के लिए नहीं, बल्कि संवाद और समझ बढ़ाने के लिए हो। तभी यह दिवस केवल कैलेंडर की एक तारीख नहीं रहेगा, बल्कि जीवन की एक जीवंत प्रेरणा बन सकेगा।

एकजुटता का अर्थ केवल सरकारी संबंध ही नहीं, बल्कि समस्त जन कल्याण भी है। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार और सामाजिक विकास संबंधी पहलों को सक्रिय रूप से बढ़ावा देता है, जिसका उद्देश्य एक ऐसी समतापूर्ण दुनिया का निर्माण करना है जहाँ सभी को विकास के अवसर प्राप्त हों। यह प्रतिबद्धता एकजुटता के आधारशिला के रूप में सार्वभौमिक प्रगति में गहरी आस्था को दशार्ती है। संयुक्त राष्ट्र की एकजुटता की अवधारणा ही उसके मिशन का आधार है। सामूहिक सुरक्षा एक ऐसा सिद्धांत है जो राष्ट्रों के बीच आपसी सहयोग को प्रोत्साहित करता है। संयुक्त राष्ट्र चार्टर इस बात पर जोर देता है कि सदस्य देशों को सहयोग के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखने का प्रयास करना चाहिए। इससे राष्ट्र सशस्त्र संघर्ष या आतंकवाद जैसे किसी भी खतरे के खिलाफ एकजुट हो सकते हैं। वैश्विक चुनौतियों के परस्पर संबंध को पहचानते हुए, संयुक्त राष्ट्र गरीबी, भूख और जलवायु परिवर्तन जैसे मुद्दों से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग की वकालत करता है। एकजुटता साझेदारी के माध्यम से प्रकट होती है जो संसाधनों के बंटवारे को बढ़ावा देती है और प्रत्येक राष्ट्र के प्रयासों को मजबूत करती है। अंततः मानव एकता एवं एकजुटता दिवस हमें एक सरल लेकिन गहन सत्य की ओर लौटने का आह्वान करता है कि मनुष्य की सबसे बड़ी पहचान उसका मनुष्य होना है। यदि हम इस पहचान को बचा पाए, तो युद्ध, आतंक और हिंसा की अंधेरी रात अपने आप छँटने लगेगी। वसुधैव कुटुम्बकम् की भावना को व्यवहार में उतारकर ही हम एक ऐसी दुनिया का निर्माण कर सकते हैं जहाँ अस्तित्व भय से नहीं, विश्वास से संचालित हो; जहाँ शक्ति हथियारों में नहीं, करुणा में निहित हो; और जहाँ भविष्य की पीढ़ियाँ हमें एक ऐसी मानवता के रूप में याद करें, जिसने विभाजन नहीं, बल्कि एकता को चुना।

# क्रिसमस को यादगार सेलिब्रेट करने के लिए घूम के आएं दिल्ली के इन 5 शानदार चर्च में, देखने को मिलेगी एक अलग वाइब!

अगर दिल्ली में रहते हैं, दिल्ली के सबसे बेस्ट चर्च में जा सकते हैं। क्रिसमस त्योहार काफी धूमधाम से मनाया जाता है। क्रिसमस खासतौर पर केक, फ्रूट केक, स्वादिष्ट फूड और क्रिसमस सजावट के लिए जाना जाता है। आइए आपको इस लेख के जरिए बताते है दिल्ली के 5 फेमस जगह जहां आप क्रिसमस सेलिब्रेट कर सकते है। दिसंबर का महीना अभी शुरू ही हुआ है ऐसे में क्रिसमस फेस्टिवल भी नजदीक आ रहा है। ऐसे में दिल्लीवासियों ने भी क्रिसमस की तैयारी शुरू कर दी है। भारत में सभी त्योहारों में से क्रिसमस भी बहुत खास है। क्रिसमस त्यौहार भी काफी धूमधाम से मनाया जाता है जैसे देश में दिवाली, ईद और अन्य त्योहारों को मनाया जाता है। क्रिसमस के दौरान दिल्ली में काफी रौनक देखने को मिलती है, हर जगह सुंदर क्रिसमस की डेकोरेशन, फेयरी लाइट्स से सजे हुए चर्च और रंग-बिरंगे सजे हुए क्रिसमस ट्री। दिल्ली वाले क्रिसमस त्योहार को बड़े ही शानदार तरीके से मनाते हैं। ऐसे में आप अगर दिल्ली में रहते हैं, दिल्ली के सबसे बेस्ट चर्च में जा सकते हैं। क्रिसमस त्योहार काफी धूमधाम से मनाया जाता है। क्रिसमस खासतौर पर केक, फ्रूट केक, स्वादिष्ट फूड और क्रिसमस सजावट के लिए जाना जाता है। आइए आपको इस लेख के जरिए बताते है दिल्ली के 5 फेमस जगह जहां आप क्रिसमस सेलिब्रेट कर सकते है। देखिए पूरी लिस्ट



**सेक्रेड हार्ट कैथेड्रल**

सेक्रेड हार्ट कैथेड्रल चर्च दिल्ली का सबसे पुराना और बहुत ही खूबसूरत चर्चों में से एक है। क्रिसमस पर इस जगह पर जाना सबसे बेस्ट है क्योंकि इस दिन यहां पर फेयरी लाइट्स, कलरफुल रिबन और स्टार लाइट्स से चर्च को सजाया जाता है। क्रिसमस के दिन यहां पर लाखों लोग आते हैं और क्रिसमस को सेलिब्रेट करते है। यहां पर देर रात का सिंगिंग, प्रेयर सिंगिंग और फूड आइटम्स खाने को मिलता हैं साथ ही में प्रसाद के तौर पर वाइन भी दी जाती हैं। इसके साथ ही रात को सभी लोगों को केक भी दिया जाता हैं। इस चर्च में आकर्षक का केंद्र हैं प्रभु यशु की झांकी।

**सेंट अलफोंसा चर्च**

सेंट अलफोंसा चर्च सबसे खूबसूरत चर्च में शुमार है। इस चर्च की खास बात है इसमें मौजूद ग्रीनरी। इस जगह की सबसे खास बात कि इसका इंटीरियर है जो कि वुडेन से बना हुआ है। सेंट अलफोंसा चर्च की खास बात ये है कि, इसकी खूबसूरत नकाशी को देखकर इस चर्च को काफी पसंद किया जा रहा है। क्रिसमस के दिन यहां पर सुन्दर लाइट्स के जरिए सजाया जाता है। सुन्दर सजावट और क्रिसमस त्योहार पर इस चर्च में एक अलग ही वाइब्स होती है। ये चर्च दिल्ली के वसंत कुंज में स्थित है।

**कैथेड्रल चर्च ऑफ रिडेम्पशन**

कैथेड्रल चर्च ऑफ रिडेम्पशन चर्च, वाइसराय चर्च के नाम से भी जाना जाता है। यह 80 एकड़ में फैला हुआ है। इस चर्च की वास्तुकला ढांचा बहुत ही खूबसूरत है। इंटीरियर से लेकर एक्सटेरियर बहुत ही खूबसूरत बना हुआ है। क्रिसमस के मौके पर यहां बहुत ही सुन्दर सजावट की जाती है। चमकीली रिबन और स्टार लाइट्स से बखूबी सजाया जाता है। क्रिसमस की रात को यहां पर बहुत खूबसूरत लगता है और इस दिन को आप कभी भूल नहीं सकते। यह चर्च दिल्ली के ठङ्ग१ इँ अ५ी नई दिल्ली में मौजूद है।

**सेंट जेम्स चर्च**

सेंट जेम्स चर्च दिल्ली का जाना-माना है। यह चर्च कश्मीरी गेट के नजदीक है। इसमें गोल्डन-येलो ढांचा का सबसे लंबा और खूबसूरत है। आपको बता दें कि, चर्च कर्नल जेम्स स्किनर ने सन् 1836 में बनवाया था। इसी वजह से ये चर्च स्किनर चर्च के नाम से भी जाना जाता है। बता दे, ये दिल्ली का 'फर्स्ट एवर चर्च' है। क्रिसमस के दिन यहां का नजारा बहुत ही खूबसूरत होता है। इस दिन यहां पर लाखों लोगों की भीड़ इकठ्ठा होती है। चर्च की सजावट काफी सुन्दर होती है। इस दिन यहां की सजावट ही मुख्य केंद्र होती है। यह चर्च स्थित है कश्मीरी गेट के पास।

**सेंट मैरी चर्च**

सेंट मैरी चर्च भी क्रिसमस के मौके पर जाने के लिए सबसे बेस्ट प्लेस है। यह दिल्ली की सबसे पुरानी चर्च में से एक है, यह पुरानी दिल्ली के चांदनी चौक में मौजूद है। इससे ढांचें को देखकर आप भी मोहित हो जाएंगे, खूबसूरत इंटीरियर से बनी ये चर्च लोगों का दिल जीत रही है। क्रिसमस के दिन यहां बहुत ही सुन्दर सजावट होती है। क्रिसमस के दिन यहां पर आप जा कर बहुत ही एन्जॉय करेंगे। ये चर्च दिल्ली के मुखर्जी मार्ग पर चांदनी चौक में मौजूद है।

# जिले में 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी पात्र व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाए - डीएम जसजीत कौर

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा



**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित हुई। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने आयुष्मान कार्ड की प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए की जिले में 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाएं और ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में विशेष कैंपों का आयोजन कर लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति सुनिश्चित करें। उन्होंने एंबुलेंस सेवा 102 और 108 की गुणवत्ता पर असंतोष व्यक्त करते संबंधित नोडल अधिकारी को निर्देशित किया कि आपातकालीन सेवाओं को उपलब्ध कराने वाली उक्त दोनों एंबुलेंस सेवाओं को मानक के अनुसार संचालित कराएं और अनावश्यक रूप से विलंब करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी सहित सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि स्वास्थ्य कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में कदापि लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रसव कार्य को पूरी गंभीरता के साथ करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का रूटीन टीकाकरण, बच्चों में कुपोषण के स्थिति की जांच आदि की विभागीय स्तर पर नियमित समीक्षा करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ जनसामान्य को उपलब्ध कराना स्वास्थ्य विभाग का मुख्य कार्य हैं, अतः सभी स्वास्थ्य अधिकारी पूर्ण मानक एवं गुणवत्तापूर्ण आमजन को स्वस्थ लाभ उपलब्ध कराएं। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि जिला चिकित्सालय सहित जनपद के सभी सीएचसी/पीएचसी में आधारभूत सुविधाओं में यदि कोई कमी है तो उसे तत्काल सुधारने की दिशा में कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान उन्होंने चिकित्सालयों में सभी जीवन रक्षक दवाओं की उपलब्धता के साथ-साथ एन्टी स्नेक के इंजेक्शन उपलब्धता, आशाओं का भुगतान, आयुष्मान भारत योजना के तहत बनाए जाने वाले आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री जननी सुरक्षा योजना में लाभार्थी का भुगतान की समीक्षा सहित विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के अन्तर्गत जिले में संचालित कार्यक्रमों/योजनाओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए स्वास्थ्य अधिकारियों को सभी आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं को पूर्ण मानक के अनुसार क्रियान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा के दौरान जननी सुरक्षा योजना के व्यवस्थित संचालन, ग्रामीण स्तर पर कार्यरत स्वास्थ्य कार्यकत्रियों जैसे-आशा एवं ए०एन०एम० की कार्य प्रणाली एवं उनका प्रशिक्षण, संस्थागत प्रसव आदि से सम्बंधित चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित जितनी भी सेवाओं/योजनाओं का संबंध ग्रामीण स्तर पर कार्यरत स्वास्थ्य कार्यकत्रियों (आशा/एएनएम) से है उसकी समीक्षा अनिवार्य रूप से सम्बंधित चिकित्सा अधिकारी करना सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में अच्छा कार्य करने वाले कार्मिकों को शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ कौशलेंद्र सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ मनोज सेन, डॉ उर्मिला कार्या, महिला अस्पताल डॉ प्रभा रानी सहित सभी अपर मुख्य चिकित्साधिकारी तथा एमओआईसी मौजूद रहे।

# घने कोहरे ने ट्रेनों के पहियों पर लगाया ब्रेक, ट्रेन रेंगने को मजबूर



वेलकम इंडिया महमूद रजा

जनपद बिजनौर नजीबाबाद स्थानीय रेलवे स्टेशन पर ट्रेनें कई-कई घंटे की देरी से चल रही हैं। एक तरफ जहां कोहरे की वजह से ट्रेनें देरी से चल रही हैं, वहीं दूसरी तरफ नजीबाबाद जंक्शन पर ट्रेनों के इंतजार ने यात्रियों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं गुरुवार को नजीबाबाद रेलवे स्टेशन से होकर गुजरने वाली ट्रेनों में लखनऊ चंडीगढ़ सुपरफास्ट बीस मिनट, ट्रेन संख्या 14114 लिंक एक्सप्रेस लगभग पांच घंटे, वंदे भारत एक्सप्रेस सही समय पर आई। ट्रेन संख्या 14673 शहीद एक्सप्रेस दो घंटे, ट्रेन संख्या 54463 चंदौसी ऋषिकेश पैसेंजर ट्रेन 40 मिनट, ट्रेन संख्या 15005 राप्ती गंगा एक्सप्रेस पांच घंटा, ट्रेन संख्या 15006 छह घंटा, सियालदह एक्सप्रेस लगभग 40 मिनट देरी से नजीबाबाद रेलवे स्टेशन पर पहुंची। ट्रेनों के लेट चलने के साथ साथ कंपकपाती ठंड से भी यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ठंड का कहर दिखाई देने लगा है। पिछले दो दिन से कोहरे के चलते ठंड अचानक बढ़ी है, जिसके कारण लोगों को घरों से निकलने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## एसडीएम के साथ एसआईआर की बैठक में कोऑर्डिनेटर ज्ञानेंद्र सिंह राघव ने 6 नंबर फॉर्म ना भरे जाने की शिकायत



वेलकम इंडिया

बुलंदशहर गुरुवार को उपजिला अधिकारी अनूपशहर प्रियंका गोयल द्वारा एसआईआर के संबंध में राजनीतिक दलों की बैठक आहूत की जिसमें कांग्रेस बसपा, सपा, भाजपा के नेता सम्मिलित रहें बैठक में उपजिला अधिकारी प्रियंका गोयल द्वारा अब तक की एसआईआर में हुए कार्य का व्योरा प्रस्तुत करते हुए टॉप 20 बूथों के अनमेपीग व छूटे मतदाताओं को मतदाता सूची से जोड़ने के लिए सब से सहयोग का आह्वान किया कांग्रेस पार्टी की ओर से एसआईआर कोऑर्डिनेटर ज्ञानेंद्र सिंह राघव द्वारा उनके द्वारा किए गए कार्य व जागरूकता के साथ-साथ विधानसभा क्षेत्र अनूपशहर में बीएलओ द्वारा नए मतदाताओं की वोट को बढ़ाने के लिए 6 नंबर फॉर्म ना भरे जाने पर शिकायत व नाराजगी प्रकट करते हुए अभिलंब 6 नंबर फॉर्म भरे जाने के निर्देश देने का आह्वान किया जिस पर उप जिला अधिकारी द्वारा तत्काल सभी राजनीतिक दलों को 6 नंबर फॉर्म देते हुए सभी लोग फॉर्म भरे जाने के निर्देश देने का आश्वासन दिया व टॉप 20 बूथों में मतदाताओं को जोड़ने के लिए सभी से सामूहिक प्रयास कर मतदाताओं को जोड़ने का आह्वान किया बैठक में उपाध्यक्ष व विधानसभा प्रभारी कांग्रेस सलाम खां, बसपा नेता विजय गौतम, सपा नगर अध्यक्ष मोहसिन खान, सपा नेता राशीद गाजी, भाजपा नेता अभय गर्ग, नगर मंडल अध्यक्ष भाजपा मुनेश शर्मा आदि लोग सम्मिलित रहे।

## आईसीसीआरए-2025 आयुर्वेद, विज्ञान और वैश्विक स्वास्थ्य पर अंतरराष्ट्रीय विमर्श

**वाराणसी :-** बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के चिकित्सा विज्ञान संस्थान अंतर्गत आयुर्वेद संकाय में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन कटिंग एज रिसर्च इन आयुर्वेद : ट्रांसफॉर्मिंग ग्लोबल हेल्थ (आइसीसीआरए –2025) के अंतर्गत पूर्ण सत्रों (प्लेनरी सेशन्स) एवं वैज्ञानिक सत्रों में आयुर्वेद की समकालीन प्रासंगिकता, वैज्ञानिक प्रमाणिकता और वैश्विक स्वास्थ्य में उसकी भूमिका पर व्यापक विचार विमर्श किया गया ` सम्मेलन में लगभग 20 प्रतिष्ठित वक्ताओं ने अपने विचार रखे, जबकि 50 से अधिक शोधार्थियों ने विभिन्न विषयों पर अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए सम्मेलन के प्रमुख पूर्ण सत्रों में प्रो.सी.एस.पांडेय ने वैश्विक स्वास्थ्य के लिए आयुर्वेदिक रणनीतियाँ विषय पर व्याख्यान देते हुए समाज में आयुर्वेद को लेकर व्याप्त अवधारणाओं और भ्रांतियों पर प्रकाश डाला उन्होंने शास्त्रीय, समकालीन और वैश्विक स्वास्थ्य परिदृश्य के संदर्भ में आयुर्वेद की भूमिका स्पष्ट करते हुए समाज और आयुर्वेद के बीच सुदृढ़ संबंध स्थापित करने की आवश्यकता पर बल दिया प्रो.ग्यनेश्वर चौबे ने आयुर्वेद और हमारे जीन विषय पर संबोधन में प्रकृति सिद्धांत और आधुनिक जीनोमिक्स के अंतर्संबंध को रेखांकित किया प्रकृति आधारित अध्ययन और जीनोम अनुसंधान के माध्यम से आयुर्वेद की व्यक्तिगत चिकित्सा अवधारणा को वैज्ञानिक आधार प्रदान किया गया जिससे अंतर्विषयक अनुसंधान को प्रोत्साहन मिला वृद्धावस्था देखभाल में रसायन की भूमिका पर डॉ.शालिनी ने रसायन सिद्धांत, एजिंग मैकेनिज्म तथा जेरियाट्रिक रोगों में रसायन चिकित्सा के प्रभावों पर चर्चा की उन्होंने स्वस्थ वृद्धावस्था, दिनचर्या के महत्व और रसायन से जुड़े अनुसंधान निष्कर्षों को प्रस्तुत किया।

# तहसील नजीबाबाद में भाकियू (प्रधान) की मीटिंग में अवैध संचालित कार्यों को प्रमुखता से उठाया

वेलकम इंडिया महमूद रजा



जनपद बिजनौर नजीबाबाद आज भारतीय किसान यूनियन (प्रधान) की तहसील नजीबाबाद में मासिक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें संगठन विस्तार के साथ-साथ किसान एवं मजदूरों की विभिन्न समस्याओं पर गंभीर मंथन किया गया। बैठक में प्रशासन की लापरवाही और किसानों की उपेक्षा को लेकर तीखी नाराजगी व्यक्त की गई।बैठक के दौरान मुख्य छः मुद्दों में अनैतिक रूप से संचालित तथा अनैतिक कार्य में संलिप्त राजन व अन्य होटलों पर प्रतिबंध, तहसील कर्मचारी द्वारा शिकायत करने पर फोन नहीं उठाना दिन और रात के अंधेरे में ओवरलोडिंग बिना नंबर प्लेट बिना कमर्शियल वाहनों का इस्तेमाल कर अवैध रूप से खनन पर प्रतिबंध लगाया जाए।, राशन वितरण में गड़बड़ियों का निस्तारण। ग्राम अकबरपुर आमला में चक रोड मार्ग पर मनरेगा द्वारा कार्य किया जाए जिससे गन्ना ढलान की समस्या न हो। इसी क्रम में किसान नेताओं ने अवैध रूप से संचालित होटलों और अवैध धंधों पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की और जिलाधिकारी के नाम ज्ञापन दिया। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी रोहितास सिंह व संचालन जिला व्यापार अध्यक्ष रामोद कुमार ने की। इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी रोहितास सिंह, जिला मीडिया प्रभारी नरेंद्र सिंह, तहसील अध्यक्ष नीरज, रहीसुद्दीन, प्रदेश उपाध्यक्ष (अल्पसंख्यक मोर्चा) मोहम्मद सरफराज अहमद, कुलदीप, राजेंद्र सिंह, जिला मंत्री शकील, मोहम्मद कामिल, जॉनी, बृजेश पाल, जिला प्रभारी शमशाद गुज्जर आमिल तथा प्रदेश सचिव डॉ आकिल गुड्डू रफीक शमीम विशाल चौधरी मोहम्मद सोहेल, कुलदीप सुनील कुमार अभिषेक रिंकू पंकज वीर सिंह सुभाष धूम सिंह विपिन सद्दाम कैलाश आदिल सिकंदर आतिफ उबेद सलमान जोगेंद्र चौधरी युवा तहसील अध्यक्ष मुकुल सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## टूरिज्म एक्सपो में पीताम्बरी द्वारा पहली बार दस प्रतिशत की विशेष छुट



(संतोष कुमार सिंह)

**वाराणसी :-** रथयात्रा, महमूरगंज रोड स्थित पीताम्बरी सन-1988 से बनारसी साड़ियों में अपनी एक अलग पहचान बनाकर रखते हैं। विगत 35 वर्षों से पूर्वांचल एवं बिहार के प्रिय ग्राहको के बीच अपनी सेवाये दे रहे हैं टुरिज्म एक्सपो द्वारा 18 व 19 दिसम्बर को मिंट हॉउस नदेसर स्थित होटल ताज में अपनी सहभागिता निभाते हुये पीताम्बरी द्वारा वहां पर विशेष रुप से स्टॉल तैयार किया गया है जहां पर बनारसी सिल्क के किंग कहे जाने वाले पीताम्बरी के विषेश बनारसी प्योर सिल्क, बनारसी सिल्क दुपट्टा, बनारसी बुनाई की हैण्डलूम सिल्क कतान, ब्रोकेट, जानदानी, कलमकारी, जरदोजी, एपलिक कटवर्क, सिल्क सिफॉन खड्डी हैण्डलूम साड़ियों का विषेश कलेक्शन उपलब्ध कराया गया है। पीताम्बरी के अधिष्ठाता शिव लोहिया ने बताया कि इस आयोजित कार्यक्रम के द्वारा हम अपने प्रिय ग्राहको को पहली बार दस प्रतिशत का विषेश छुट दे रहे है वहां पर आकर खरिददारी करने पर उन्हे विशेष दस प्रतिशत की छूट का फायदा प्राप्त हो सके तथा हमारी अनुठी विशेष संग्रह का आनन्द प्राप्त कर सकते है।

# चीनी मिल ने किया लगभग दस करोड़ का गन्ना भुगतान

वेलकम इंडिया महमूद रजा



**जनपद बिजनौर नजीबाबाद।** कोटद्वार मार्ग किसान सहकारी चीनी मिल स्नेह रोड ने इस पेराई सत्र 2025-26 में 10 दिसंबर तक खरीदें गए गन्ने का समस्त गन्ना मूल्य भुगतान 9 करोड़ 84 लाख 17 हजार 250 रुपए कृषकों को राज्य परामर्शी न गन्ना मूल्य दर से कर दिया। चीनी मिल द्वारा इस पेराई सत्र में अब तक कुल 28 करोड़ 27 लाख 54 हजार 464 रुपए गन्ना मूल्य भुगतान गन्ना कृषकों को किया जा चुका है। सहकारी चीनी मिल नजीबाबाद के प्रधान प्रबंधक सुभाष चन्द्र प्रजापति ने बताया कि मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन के दिशा निदेर्शों के अनुसार चीनी मिल प्रशासन द्वारा अपने संसाधनों से राज्य गन्ना मूल्य परामर्शी दर से गन्ना कृषकों का 10 दिसंबर तक खरीदें गए गन्ने का समस्त भुगतान कृषकों को बैंकों के माध्यम से उनके खातों में भेज दिया गया है। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा गन्ना कृषकों के गन्ना मूल्य भुगतान को निर्धारित समय के अन्तर्गत किए जाने की प्रतिबद्धता के दृष्टिगत चीनी मिल प्रशासन को निर्देशित किया गया है। इसी के साथ शासन की मंशा के अनुरूप नजीबाबाद स्नेह रोड सहकारी चीनी मिल ने कृषकों को निर्धारित समय अवधि के अंदर ही राज्य गन्ना परामर्शी दर से गन्ना मूल्य भुगतान कर इस वर्ष रिकार्ड बनाया है।

# इंद्रप्रस्थ कॉलेज में यूथ टेक्निकल कार्निवल विज्ञान प्रदर्शनी एवं ड्राइंग प्रतियोगिता आयोजित

वेलकम इंडिया, राजीव चौधरी






**सहारनपुर/नागल।** इंद्रप्रस्थ इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी, सहारनपुर में स्कूल के छात्रों हेतु एक यूथ टेक्निकल कार्निवल विज्ञान प्रदर्शनी एवं ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को शुभारंभ मुख्य अतिथि सहारनपुर मंडल के मंडल आयुक्त डॉ रूपेश कुमार, संस्था के सचिव श्री संकल्प कुलश्रेष्ठ, निदेशक डॉ अंजू वालिया व अतुल नैब ने दीप प्रज्वलन के साथ किया। डॉ रूपेश कुमार ने छात्रों द्वारा बनाए गए प्रोजेक्ट को देखते हुए छात्रों की मेहनत की सराहना की। उक्त प्रतियोगिता में सहारनपुर, नांगल, तल्हेरी बुजुर्ग, देवबंद, गागलहेड़ी व छुटमलपुर के विभिन्न स्कूलों के छात्रों ने प्रतिभाग किया। विज्ञान प्रदर्शनी में निर्णायक की भूमिका श्री हेमंत अरोड़ा एवं डॉ पंकज में निभाई। इसके अलावा ड्राइंग प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका दानिश असद व सृष्टि यादव ने निभाई। मुख्य अतिथि डॉ रूपेश कुमार ने अपने संबोधन में छात्रों द्वारा बनाए गए प्रोजेक्ट की प्रशंसा करते हुए कहा कि छात्रों को भविष्य में ऐसे प्रोजेक्ट के माध्यम से नए आयाम स्थापित करने होंगे। उन्होंने छात्रों को अधिक समय से ज्यादा क्वालिटी पढ़ाई करने हेतु प्रेरित किया। इसके पश्चात उन्होंने छात्रों को प्लास्टिक का उपयोग न करने एवं जल संरक्षण के बारे में भी बताया। संस्था के सचिव श्री संकल्प कुलश्रेष्ठ ने कहा की कक्षा में अनेक छात्रों में से कुछ छात्र जो अपने प्रोजेक्ट को लेकर संस्था में आए हैं उनके द्वारा एक अच्छी शुरूआत है और वह कुछ नया करेंगे। उन्होंने मुख्य अतिथि डॉ रुपेश कुमार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके आगमन से यह कार्यक्रम बहुत सुंदर बन गया है। उक्त प्रतियोगिता में वर्किंग मॉडल में प्रथम स्थान बिलाल, मुजस्सम, सानिध्य सैनी जे वी जैन इंटर कॉलेज, सहारनपुर ने प्राप्त किया। इसके अलावा दूसरा स्थान दक्षि चौहान, निधि आर्य कन्या इंटर कॉलेज, गिल कॉलोनी ने प्राप्त किया तथा तृतीय स्थान नैना राणा, कनक शर्मा, भूमिका, निशा गौतम, वैश्वी पाल आर डी इंटरनेशनल स्कूल, तल्हेरी ने प्राप्त किया। नॉन वर्किंग मॉडल में प्रथम स्थान आशिया मलिक आर्य कन्या इंटर कॉलेज, मटिया महल, द्वितीय स्थान ईशा, मीनाक्षी, इशिका भारतीय इंटर कॉलेज, तल्हेरी तथा तृतीय स्थान विनीत, राजीव कश्यप, कार्तिक, गुरु नानक इंटर कॉलेज सहारनपुर के छात्रों ने प्राप्त किया। ड्राइंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान इलमा आर डी इंटरनेशनल स्कूल तल्हेड़ी द्वितीय स्थान संजना आर्य कन्या इंटर कॉलेज, गिल कॉलोनी, सहारनपुर तृतीय स्थान नबिया भलस्वा इंटर कॉलेज, भलस्वा ने प्राप्त किया। मंच का संचालन डॉ नेहा त्यागी व ज्योति भारद्वाज ने किया। इस पूरे कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम के कोऑर्डिनेटर आशुतोष गुप्ता व सूर्यकांत ने कराया। कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों से आए छात्र छात्राएं, शिक्षक व संस्था का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# जिला कारागार का जिला जज तथा डीएम एसएसपी ने संयुक्त रूप से किया औचक निरीक्षण

वेलकम इंडिया



बुलंदशहर गुरुवार को जिला जज संजय कुमार, जिलाधिकारी श्रुति, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से मॉनिटरिंग सैल की मासिक गोष्ठी आयोजित की गयी तथा सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। इसके उपरान्त जिला जज संजय कुमार के नेतृत्व में जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा जिला कारागार का औचक निरीक्षण करते हुए जेल में बंद बंदियों के लिए जेल प्रशासन की ओर से की गई व्यवस्थाओ का जायजा लिया। इस अवसर पर सर्दी से बचाव के लिए बंदियों को कंबल भी वितरित किए गए तथा बंदियों से वार्ता करते हुए आवश्यक जानकारी ली गई। बंदियों द्वारा कोई भी समस्या प्रकाश में नहीं लाई गई। इसके उपरान्त जिला जज संजय कुमार, जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा निरीक्षण के क्रम में राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर) का निरीक्षण करते हुए बाल अपचारियों को सम्प्रेक्षण गृह प्रशासन द्वारा दी जा रही सुविधाओं का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# भीषण ठण्ड को देखते हुए ईओ ने रैन बसेरों में सुविधाओं और सार्वजनिक स्थलों पर अलाव का किया निरीक्षण

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**



**इटवा/सिद्धार्थनगर।** जनपद सिद्धार्थनगर क्षेत्र में बढ़ती कड़ाके की ठण्ड और शीतलहर को देखते हुए नगर पंचायत इटवा के अधिशासी अधिकारी (ईओ) अखिलेश दीक्षित ने बुधवार देर रात नगर के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रैन बसेरों की व्यवस्थाओं को परखा और प्रमुख चौराहों पर जल रहे अलाव की स्थिति का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान ईओ दीक्षित सबसे पहले नगर पंचायत द्वारा संचालित अस्थाई रैन बसेरों में पहुंचे। उन्होंने वहां ठहरे हुए मुसाफिरों और जरूरतमन्दों से बात-चीत की और मिल रही सुविधाओं के बारें में जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिये कि रैन बसेरों में साफ-सुथरे बिस्तर, गद्दे और कम्बलों की पर्याप्त उपलब्धता बनी रहे। ठण्ड से बचाव के लिए कमरों में उचित प्रबन्ध हों। साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जायें ताकि बाहर से आने वाले लोगों को कोई असुविधा न हो।

रैन बसेरों के बाद अधिशासी अधिकारी ने नगर के मुख्य चौराहों और सार्वजनिक स्थानों का भ्रमण किया। उन्होंने देखा कि ठण्ड से राहत के लिए किन-किन स्थानों पर नगर पंचायत द्वारा अलाव जलवायें गये हैं। उन्होंने मातहतों को निर्देशित किया कि मुख्य स्थानों पर नियमित रूप से लकड़ियों की आपूर्ति सुनिश्चित की जायें ताकि राहगीरों और रिक्शा चालकों को राहत मिल सकें।

## ठंड और कोहरे के कारण कक्षा 1 से 8 तक के स्कूलों में अवकाश

**संतकबीरनगर।** जनपद में बढ़ती ठंड और घने कोहरे को देखते हुए जिलाधिकारी ने बड़ा फैसला लिया है। मौसम विभाग की चेतावनी के आधार पर कक्षा 1 से 8 तक के सभी परिषदीय, अशासकीय सहायता प्राप्त तथा मान्यता प्राप्त विद्यालयों में 19 दिसंबर 2025 को छात्रों का अवकाश घोषित किया गया है। आदेश के अनुसार विद्यार्थियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए यह निर्णय लिया गया है। हालांकि विद्यालयों में शिक्षक व शिक्षणेत्तर कर्मचारी पूर्व निर्धारित समय के अनुसार उपस्थित रहेंगे और प्रशासनिक कार्य संपादित करेंगे। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं।

# हत्या में फरार आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़े

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**

**इटवा/सिद्धार्थनगर।** इटवा थाना क्षेत्र के सिरसिया गांव में 30 नवंबर को विवाहिता लक्ष्मी की हत्या के मामले में पुलिस ने पति विवेक वर्मा, ससुर श्याम सुंदर वर्मा, सास विनीता, ननद अमृता वर्मा और प्रिया वर्मा को क्षेत्र के करहिया पुल से बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया। थाने पर लाकर पूछताछ करने के बाद न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया। दहेज के लिए हत्या की प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही थी।

क्षेत्र के सिरसिया गांव में 30 नवंबर को हुई विवाहिता लक्ष्मी की मौत हो गई। मायके वालों ने ससुराल वालों पर लाश को छोड़कर भाग जाने और दहेज के लिए हत्या करने का आरोप लगाया था। इसको लेकर इटवा थाना पर एंबुलेंस पर लाश रखकर विरोध किया था। इसके बाद दो दिसंबर को पति समेत पांच लोगों पर दहेज के लिए हत्या के मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए तलाश कर रही थी। इटवा थाना प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार सिंह ने बताया कि बृहस्पतिवार सुबह मुखबिर से सूचना मिली कि इटवा-डुमरियागंज मार्ग पर स्थित करहिया पुल पर कुछ लोग खड़े हैं और नेपाल जाने के लिए वाहन की प्रतीक्षा में है। सूचना मिलते ही टीम ने मौके पर पहुंचकर सभी को थाने ले आई। पूछताछ में उन लोगों ने अपना नाम व पता विवेक वर्मा (पति), श्याम सुंदर वर्मा ससुर, विनीता पत्नी श्याम सुंदर वर्मा सास, अमृता वर्मा, प्रिया वर्मा पुत्री श्याम सुंदर वर्मा निवासी सिरसिया थाना इटवा बताया।

19 दिन बाद हुई गिरफ्तारीः 30 नवंबर को हुई हत्या के मामले में मृतका के परिजनों ने इटवा थाने पर खूब हंगामा किया था। इटवा-डुमरियागंज मार्ग जाम कर आरोपियों की तत्काल गिरफ्तार करने की मांग की थी। इटवा पुलिस जब तक आरोपियों को पकड़ती, वह पुलिस की पहुंच से काफी दूर निकल चुके थे। दो दिसंबर को परिजनों ने खूब हंगामा किया था। शीघ्र गिरफ्तारी न होने पर सड़क जाम करने की चेतावनी भी दी थी। भागदौड़ के बीच वारदात के 19वें दिन बृहस्पतिवार को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर करहिया पुल से आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक हेमराज वर्मा हेड कांस्टेबल राकेश पटेल कांस्टेबल रवीश यादव और महिला कांस्टेबल साधना यादव श्रीयंका सिंह शामिल रहे।

## सार संक्षेप

### श्री ललिता सखी मंदिर पर हुआ अष्टसखी रस महोत्सव का आयोजन



**मथुरा/बरसाना।** ऊंचागांव स्थित ललिता सखी मंदिर पर अष्टसखी रस महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें नवनीत प्रिय दास ने बताया 3 दिवसीय अष्टसखी रस महोत्सव में राधा रानी की अष्ट सखियों के स्थान पर रस चर्चा की जाएगी। ललिता पीठाधीश्वर श्री कृष्णानंद भट्ट जी महाराज ने कहा कि राधा रानी की प्रिय सखी ललिता जी सब सखियों में श्रेष्ठ है जो प्रिय प्रीतम को ताम्बुल की सेवा करती है, श्री जी की नित्य सहचरी में आती है। गौरव अविरल शास्त्री ने जानकारी देते हुए बताया कृष्णानंद भट्ट जी महाराज द्वारा सर्वप्रथम ललिता जी के चित्रपट माला पहनाकर वंदन किया, भक्तों ने बड़े प्रेम से रस महोत्सव में झूम कर आनंद लिया। उपस्थित जनों में उपेन्द्र भट्ट, सतीश पाठक, अरुण कुमार, राजेश गुप्ता, नित्यानंद, हरीबाबू आदि भक्त जन उपस्थित रहे।

### सड़क हादसे में मारे गए लोगों की आत्म शांति के लिए किया हवन



**मथुरा/बलदेव।** यमुना एक्सप्रेस-वे पर बलदेव के निकट हुए भीषण हादसे में मारे गए लोगों की आत्म शांति के लिए वेद पाठशाला पर हवन पूजा का आयोजन कर इस हादसे में मारे गए लोगों की मोक्ष की कमाना की गई एवं घायलों के स्वास्थ्य लाभ की कामना की गई। जगद्गुरु गोपेश्वर चैतन्य जी महाराज के सानिध्य में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।उन्होंने कहा कि यह घटना बेहद दुखद घटना है। आचार्य मनीष गगार्चार्य के द्वारा हवन कराया गया। इस अवसर पर युवा समाजसेवी सुजीत वर्मा,सतेंद्र पहलवान संचालक बलदाऊ अखाड़ा, आचार्य शिवकुमार तिवारी, वंश मिश्रा, दीपक पटसारिया, किशोरी उपाध्याय, सागर शर्मा, प्रिंस रावत,हार्दिक पचौरी, सर्वेश्वर भारद्वाज, कान्हा पांडे, मन्नू पांडेय,राम पाण्डेय, दास जी महाराज आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# शुभम जोशी बने थल सेना में लेफ्टिनेंट



**वेलकम इण्डिया**

**बागेश्वर।** बागेश्वर जिले के ठाकुरद्वारा निवासी शुभम जोशी ने अपनी कठिन मेहनत से अपने परिवारजनों की मुंहमांगी मुराद पूरी की है।बचपन से ही बेटे को सैन्य अधिकारी बनने की चाह देखने वाले जोशी परिवार के होनहार बेटे शुभम जोशी पुत्र मोहन चन्द्र जोशी ने अपनी कड़ी मेहनत, कठिन परिश्रम से सैन्य अधिकारी बनने में सफलता पाई है। सीडीएस द्वारा 18 माह की ट्रेनिंग पूर्ण कर शुभम को भारतीय थल सेना में लैफ्टिनेंट पद पर तैनाती मिल गई है।शुभम की प्राथमिक शिक्षा सरस्वती शिक्षा मंदिर चौरासी बागेश्वर से पूर्ण कर, कक्षा 6 से 12वीं तक की पढ़ाई जवाहर नवोदय विद्यालय सिमार बागेश्वर से हुई।जहां उन्होंने परीक्षा में विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त करने के बाद उनकी उच्च शिक्षा दिल्ली विद्यालय के हिन्दू कालेज से कमेस्ट्री आर्नस में बीएससी परीक्षा 94% अंकों के साथ उत्तीर्ण कर एमएससी में जेएनयू से तीन समेस्टर पास किए। उसी समय उनका चयन थलसेना में लैफ्टिनेंट के पद पर चयन हुआ। जहां 18 माह के प्रशिक्षण के बाद आईएमए देहरादून से परेड की सलामी के बाद वे लैफ्टिनेंट बन गये है।

# कांग्रेसियों ने भाजपा कार्यालय का किया घेराव, नारेबाजी कर किया विरोध प्रदर्शन



**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**

**सिद्धार्थनगर।** पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ यंग इंडिया मामले में ईडी की कार्रवाई के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बृहस्पतिवार को भाजपा जिला कार्यालय का घेराव किया। उन्होंने इस कार्रवाई को दुर्भावनापूर्ण बताते हुए भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

जिला कांग्रेस कार्यालय से भाजपा जिला कार्यालय की ओर बढ़ते कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पुलिस प्रशासन द्वारा रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन रोकने में असफल रही और कार्यकर्ता भाजपा कार्यालय तक पहुंच गए। वहां पहुंचकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जमकर सरकार विरोधी नारेबाजी की। जिलाध्यक्ष काजी सुहेल अहमद ने कहा कि मोदी सरकार केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है।

इस अवसर पर प्रदेश सचिव नादिर सलाम, सतीश चंद्र त्रिपाठी, देवेंद्र कुमार गुड्डु, कृष्ण बहादुर सिंह, राम चंदर पांडेय सहित तमाम कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अष्टम सहस्त्र चंडी महायज्ञ 21 से

**मथुरा।** ब्रज सिद्धपीठ मंदिर पर अष्टम सहस्त्र चंडी महायज्ञ 21 से 29 दिसम्बर तक आयोजित किया जा रहा है, जिसके प्रथम दिन यमुनाजी का पूजन, चुनरी उत्सव और शोभायात्रा विश्रामघाट से प्रारंभ होकर कैंट मंदिर यज्ञ स्थल तक पहुंचेगी। यह जानकारी यज्ञ संयोजक महंत दिनेश चौबे ने देते हुए बताया कि इस पंचकुण्डीय यज्ञ में प्रधान कुंडों के द्वारा आहुतियां दी जाती हैं, जिनमें योनि, पदम, ब्रत, अर्थ चंद्र, चतुर्थ शस्त्र मंदिर परिसर में बनाए गए हैं। यहां विद्वान आहुतियां देंगी। उन्होंने बताया कि यज्ञ वातावरण को शुद्ध करता है व प्रकृति ब्रह्म शक्तिरूपा है इसलिए प्रकृति की प्रसन्नता यज्ञ से होती है। यही संपूर्ण प्रजातियों का जीवन है। लौकिक संसार में मनुष्य का योनि कुंड में हवन करने का फल मां काली की प्रसन्नता है, क्योकि भगवती अग्नि और योनि रूपा है। इसी तरह से पदम कुंड में यह आहूति देने से मां लक्ष्मी प्रसन्न होती है। वृत्त कुण्ड गोलाकार सूर्य देवता का स्वरुप है। इससे सूर्य जैसी परामक्रम की प्राप्ति होती है। वहीं अर्थ चंद्र कुंड चंद्रमा का स्वरुप है।

# जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार कार्यक्रम में सैंज और उतरौडा में लगा बहुउद्देशीय शिविर उपजिलाधिकारी ने सुनी शिकायतें

**वेलकम इण्डिया**

**बागेश्वर, गोविन्द मेहता।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की पहल जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार कार्यक्रम के तहत गुरुवार को जनपद बागेश्वर में दो न्याय पंचायतों पर बहुउद्देशीय शिविरों का आयोजन किया गया। बागेश्वर विकास खंड के न्याय पंचायत सैंज के राइका सैज में उपजिलाधिकारी प्रियंका रानी की अध्यक्षता में तथा विकास खंड कपकोट के न्याय पंचायत उत्तरौड़ा के हाईस्कूल प्रांगड़ में उपजिलाधिकारी अनिल सिंह चनियाल की अध्यक्षता में बहुद्देश्यीय शिविर लगाया गया।



शिविर का उद्देश्य राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक सीधे पहुंचाना एवं उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना रहा।शिविर में केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी गई तथा प्राप्त शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। इस दौरान 1000 से अधिक लोगों को विभिन्न विभागीय योजनाओं से लाभान्वित किया गया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग तथा आयुर्वेद एवं यूनानी विभाग द्वारा ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक दवाइयां वितरित की गईं। इसके अतिरिक्त विभिन्न विभागों की योजनाओं और योजनाओ में पात्र लाभार्थियों को विभागीय योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया।

लीड बैंक अधिकारी सुखविंदर सिंह द्वारा घर-घर जाकर ग्रामीणों को प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं मुद्रा योजना की जानकारी दी गई।

शिविर के दौरान प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना क तथा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के भी कई आवेदन प्राप्त किए गए। विभिन्न योजनाओ के सर्टिफिकेट ऑनलाइन अप्लाई किए गए और त्वरित वितरित गए।प्रदेश सरकार के निदेर्शानुसार ह्लजन-जन की सरकार, जन-जन के द्वारह्व अभियान के अंतर्गत आम जनता को सरकारी योजनाओं का लाभ उनके द्वार तक उपलब्ध कराने के लिए जनपद में निरंतर बहुउद्देशीय शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आगामी 20 दिसंबर को जूनियर हाई स्कूल गुरुना एवं प्राथमिक विद्यालय चोंगावछीना में बहुउद्देशीय शिविर आयोजित किए जाएंगे।

## आरोपी युवक ने थाने के अन्दर शौचालय में ब्लेड से काटा अपना गला, अस्पताल में भर्ती

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**

**सिद्धार्थनगर।** बाइक चोरी के प्रयास में पुलिस ने एक युवक को पड़कर सिद्धार्थनगर थाने ले गई।आरोपी ने गुरुवार की सुबह थाने के अन्दर शौचालय मे जाकर ब्लड से अपना गला रेत लिया।इससे अधिक खून बहने लगा। पुलिस वालों ने खून देखा इसके बाद थाने में हड़कंप मच गया। पुलिस ने उसे जिला अस्पताल पहुंचाया जहां आईसीयू में भर्ती कर इलाज किया जा रहा है। जख्मी आरोपी खतरे से बाहर बताया जा रहा है। गुरुवार की सुबह रेलवे स्टेशन के बाद बाइक चोरी करने का प्रयास करने के दौरान लोगों ने आरोपी को पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दे दी। सूचना पर तत्काल पुलिस पहुंच गई और उसे पकड़ लिया। पकड़ कर थाना पर ले आई। आरोपी युवक अरशद (25) पुत्र मुजीब निवासी सिसहनिया थाना सिद्धार्थनगर थाना पर आने के कुछ देर बाद शौच जाने की बात कह कर शौचालय में चला गया। वहां पहुंच कर उसने ब्लेड से अपना गला रेत लिया। आठ सेमी गला रेते जाने से अधिक खून बहने लगा। पुलिस वालों की उसपर नजर गई तो भाग कर शौचालय तक पहुंच गए। घटना की जानकारी होते ही थाने में हड़कंप मच गया। उसे तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद आईसीयू में भर्ती कर दिया। उसका इलाज चल रहा है। वह खतरे से बाहर बताया जा रहा है। 16 दिसंबर को जेल से बाहर आया है आरोपी अरशद (25) पुत्र मुजीब निवासी सिसहनिया थाना सिद्धार्थनगर एनडीपीएस एक्ट के मामले में जेल में बंद था।

# कथावाचक अनिरुद्राचार्य द्वारा मीडिया के प्रति अभद्र टिप्पणी को लेकर पत्रकार हुए लामबंद, जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**वेलकम इंडिया**

**मथुरा।** विगत दिनों कथावाचक अनिरुद्धाचार्य द्वारा सार्वजनिक मंच से कथावाचन के दौरान मीडिया एवं पत्रकारों के प्रति की गई अभद्र, अपमानजनक एवं अमर्यादित टिप्पणी को लेकर पत्रकार समाज में गहरा रोष व्याप्त है। कथावाचक द्वारा मीडिया को ह्लमंथराह्व एवं ह्लधृतराष्ट्रह्व जैसे शब्दों से संबोधित करना सम्पूर्ण मीडिया जगत का घोर अपमान है, जिसे किसी भी रूप में स्वीकार नहीं किया जा सकता।

इस संबंध में गुरूवार सुबह जिलाधिकारी कार्यालय पर उ प्र श्रमजीवी पत्रकार यूनियन तथा वृंदावन मीडिया क्लब के संयुक्त तत्वावधान में जनपद के सैकड़ों पत्रकारों ने जलूस




निकाल कर के हाथों में तख्ती लिए ₹अनिरुद्राचार्य मुदार्बादद₹, ₹पत्रकार एकता जिंदाबादद₹ के जोशीले नारों के साथ कथावाचक अनिरुद्राचार्य के खिलाफ नारेबाजी करते हुए मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार को जिलाधिकारी मथुरा के माध्यम से पत्र प्रेषित कर पूरे प्रकरण से अवगत कराया गया है तथा दोषी के विरुद्ध उचित एवं सख्त कार्रवाई की मांग की गई है, ताकि भविष्य में इस तरह की अमर्यादित बयानबाजी की पुनरावृत्ति न हो। इस संबंध में उ प्र श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के जिलाध्यक्ष नरेंद्र भारद्वाज ने कहा कि मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है और उसकी भूमिका पर इस प्रकार की टिप्पणी न केवल मयार्दा के विरुद्ध है, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों का भी अपमान है। उन्होंने कहा कि अगर अनिरुद्राचार्य ने मांफी नहीं मांगी तो पूरे प्रदेश में आंदोलन किया जाएगा। वृंदावन मीडिया क्लब के अध्यक्ष प्रेमेंद्र अस्थाना ने कहा कि अनिरुद्राचार्य के बेतुके बयान से पत्रकारों की भावनाएं आहत हुई हैं जो कि असहनीय हैं।

पत्रकार समाज ने स्पष्ट किया है कि पत्रकारिता की गरिमा और सम्मान से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा तथा प्रशासन से अपेक्षा है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र आवश्यक कार्रवाई की जाए। ज्ञापन देने वालो में प्रमुख रूप से पत्रकार नरेन्द्र भारद्वाज, पवन नवरत्न, अजय शर्मा, किशन चतुवेर्दी, विनीत मिश्र, डॉ विजय विद्यार्थी, दिलीप चतुवेर्दी, नितिन गौतम, उमर कुरैशी, अनुपम आचार्य, मनमोहन पारीक, मधुसूदन शर्मा, पवन गौतम, प्रेमेंद्र अस्थाना, मोहानश्याम शर्मा, विपिन पराशर, मनमोहन गौड़, परवेज अहमद, योगेश भारद्वाज, रवि चौधरी, मोहनश्याम रावत, सुरेश सैनी, मातुल शर्मा, रवि यादव, सतीश अंशुमन, शिवांगी चैधरी, मीरा शर्मा, गिरीश कुमार, प्रवेश चतुवेर्दी, दिनेश आचार्य, रमेश चंद, लोकेश चैधरी,प्रकाश सैनी, चंद्रमोहन दीक्षित, रहीस कुरैशी, गजेन्द्र चौधरी,विपिन सारस्वत, गिरधर चौधरी, महेश कुमार, सुभाष सैनी, गोपाल चतुवेर्दी, दीपक सारस्वत, बी एल पांडेय, गौरव शर्मा आदि रहे।

# किसान इंटर कॉलेज में 'मिशन शक्ति' के तहत जागरूकता शिविर का आयोजन

**वेलकम इंडिया**

**मथुरा/चौमुहां।** उत्तर प्रदेश सरकार के 'मिशन शक्ति' अभियान के अंतर्गत ग्राम राल स्थित किसान इंटर कॉलेज में छात्राओं को सुरक्षा और अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। थाना जैंत पुलिस द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में छात्राओं को न केवल महिला संबंधी अपराधों के प्रति सचेत किया गया, बल्कि साइबर फ्रॉड से बचने के तरीके भी बताए गए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मिशन शक्ति प्रभारी काजल भारद्वाज और एंटी रोमियो प्रभारी प्रिया सिवाच ने छात्राओं में आत्मविश्वास भरते हुए कहा कि किसी भी विपरीत परिस्थिति में



घबराने के बजाय उसका डटकर मुकाबला करना चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि सजगता ही सुरक्षा की पहली सीढ़ी है।

छात्राओं को आपातकालीन स्थिति में तत्काल सहायता प्राप्त करने के लिए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की विस्तृत जानकारी दी गई, जिनमें मुख्य रूप से महिला हेल्पलाइन, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, चाइल्ड हेल्पलाइन, पुलिस आपातकालीन सेवा के बारे में बताया। वर्तमान समय में बढ़ते डिजिटल खतरों को देखते हुए पुलिस टीम ने छात्राओं को साइबर सुरक्षा के टिप्स दिए।

उन्हें बताया गया कि सोशल मीडिया का उपयोग करते समय किन सावधानियों को बरतना आवश्यक है और साइबर फ्रॉड होने पर इसकी रिपोर्ट कहाँ दर्ज कराई जाए। राल चौकी इंचार्ज संदीप कुमार, पुष्पेंद्र, दीपक आदि मौजूद रहे।

# अपर जिला मजिस्ट्रेट ने पुलिस अधिकारियों के साथ किया सड़क हादसा स्थल का निरीक्षण

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा।** जनपद मथुरा के थाना बल्देव क्षेत्रान्तर्गत यमुना एक्सप्रेस-वे (आगरा से नोएड़ा की ओर जाने वाले मार्ग पर) के माइल स्टोन 127 पर दिनांक 15/16 दिसम्बर 2025 की रात्रि में हुए भीषण सड़क हादसे की जांच हेतु अपर जिला मजिस्ट्रेट प्रशासन अमरेश कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सुरेश चंद्र रावत, अपर पुलिस अधीक्षक यातायात मनोज कुमार, राष्ट्रीय राजमार्ग के कर्मचारीगण आदि द्वारा आज दिनांक 18 दिसंबर 2025 की रात्रि को दुर्घटना स्थल का निरीक्षण किया गया।

अपर जिला मजिस्ट्रेट प्रशासन ने अवगत कराया है कि रात्रि कालीन परिस्थितियों के संबंध में सुरक्षित यातायात के संदर्भ में घटनास्थल का निरीक्षण किया गया है। रात्रि कालीन परिस्थितियों में एक्सप्रेस वे पर लगे साइनेज एवं दिशा सूचक चिन्हों की विजिबिलिटी का जायजा लिया गया। अपर जिला मजिस्ट्रेट प्रशासन ने अवगत कराया है कि लेन व्यवस्था / लेन स्ट्रिप का अवलोकन किया गया। उन्होंने बताया कि सड़क मार्ग पर लगे कैट-आई की विजिबिलिटी के संदर्भ में निरीक्षण किया गया।

अपर जिला मजिस्ट्रेट प्रशासन ने अवगत कराया गया है कि संबंधित व्यक्तियों के बयान लिए जा रहे है। उन्होंने बताया कि टोल प्लाजा पर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। वाहन चालकों को गति सीमा का अनुपालन करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। अपर जिला मजिस्ट्रेट प्रशासन द्वारा की गई अपील- यात्रा आरम्भ करने से पूर्व ब्रेक, ईंधन और इंडिकेटर्स की जाँच करें। अपने वाहन पर फॉग लाईट लगाएं और उसका प्रयोग करें। फॉग लाइट/पार्किंग लाइट / हेड लाइट का प्रयोग करें। हेड लाइट को लो बीम में रखें। हाई बीम कोहरे में प्रतिबंधित होगा और दृष्टि को प्रतिबंधित करेगा।

विंड-स्क्रीन को धूल एवं धुंध से साफ रखें। अपनी सुरक्षा के लिए हमेशा सीट बेल्ट लगाए। धीमे एवं सावधानी से चलें। अपनी लेन में चलें व रोड पर लगी लेन मार्किंग का अनुसरण करें। बिना वजह लेन न बदलें। सामने वाले वाहन से उचित दूरी बनायें रखें। वाहन खराब होने पर बाँय हाथ पर रेलिंग से सटाकर खड़ा करें। एक्सप्रेसवे पर न रुकें। संगीत धीमे बजाएं और यातायात को समझने के लिए सचेत रहें।

धीमे एवं सावधानी से चलें। रोड पर लगी लेन मार्किंग का अनुसरण करें व अपनी लेन में चलें। अपनी सुरक्षा के लिए हमेशा सीट बेल्ट लगाऐं। विंड-स्क्रीन को धूल एवं धुंध से साफ रखें। घने कोहरे की स्थिति में सुरक्षित स्थान पर इंतजार करें जैसे सार्वजनिक क्षेत्र/टोल प्लाजा।

## प्रसिद्ध सॉफ्टवेयर कंपनी हमिंगबर्ड टेक्नोलॉजी में मिला आकर्षक प्लेसमेंट

**गाजियाबाद।** डासना स्थित सुन्दर दीप ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन्स के विद्यार्थियों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए प्रतिष्ठित सॉफ्टवेयर कंपनी हमिंगबर्ड टेक्नोलॉजी में प्लेसमेंट प्राप्त कर संस्थान का नाम गौरवान्वित किया है। इस उपलब्धि से न केवल विद्यार्थियों में उत्साह का माहौल है, बल्कि संस्थान की शैक्षणिक गुणवत्ता और प्रशिक्षण प्रणाली की भी पुष्टि होती है। गुरुवार को सुन्दर दीप ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन्स, गाजियाबाद परिसर में हमिंगबर्ड टेक्नोलॉजी द्वारा एक भव्य कैम्पस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इस प्लेसमेंट ड्राइव में बी.टेक. कंप्यूटर साइंस एवं बी.सी.ए. के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी तकनीकी दक्षता एवं संचार कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कैम्पस प्लेसमेंट ड्राइव की शुरूआत कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा कंपनी प्रोफाइल, कार्य संस्कृति एवं जॉब डिस्क्रिप्शन की विस्तृत जानकारी देने के साथ हुई।

# कल्याणं करोति में चिकित्सकों की सौहार्द बैठक



**वेलकम इंडिया**

**मथुरा/गोवर्धन।** नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन (नीमा)एवं कल्याणं करोति नेत्र संस्थान की सौहार्द बैठक जचौंदा स्थिति संस्थान परिसर में सम्पन्न हुई। नीमा के सदस्य बीएएमएस चिकित्सकों ने संस्थान का भ्रमण कर अत्याधुनिक सुविधायुक्त हास्पिटल की सराहना की। संस्थान पदाधिकारियों ने सभी चिकित्सकों को आश्वस्त किया कि यहां पेड अथवा निशुल्क आपरेशन कराने वाले हर व्यक्ति को उच्चस्तरीय सभी व्यवस्थाएं एक समान हैं।

संस्थान सचिव सुनील शर्मा ने कहा कि समाज के हर वर्ग के सहयोग से कल्याणं करोति उत्तरोत्तर प्रगति पथ पर है। हमारा प्रयास है कि समाज में कोई गरीब भी नेत्र रोगी न रहे। सशुल्क और निशुल्क दोनों तरह की नेत्र रोग निदान की सेवा अनवरत जारी हैं।

बैठक का शुभारंभ गणेश जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। संस्थान की परिचयात्मक जानकारी निदेशक शैलेन्द्र चतुर्वेदी ने दी। संस्थान के सह सचिव निरूपम भार्गव ने प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। तदुपरांत नेत्र संस्थान का विजुअल प्रजेंटेशन हुआ?। नीमा राज्य समिति सदस्य डा भूपेंद्र, जिलाध्यक्ष डा अखिलेश अग्रवाल, सचिव अपूर्व रावत ने कल्याणं करोति के आमजन के सेवा कार्य में हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

स्टेट कमेटी के डा डी एन गौतम, डा कुलदीप शर्मा, डा जी के सिंह, डा. गजेन्द्र सिंह, डा. सीताराम अग्रवाल, डा. अशोक अग्रवाल, डा. शुभम गुप्ता, डा. हरिओम शर्मा, डा. अनिल सोलंकी,डा. प्रिंसी गुप्ता, सचिव डा. दिव्या शर्मा सहित तीन दर्जन चिकित्सकों ने हर संभव सहयोग का भरोसा जताया। सौहार्द बैठक का संचालन दिलीप कुमार यादव ने किया।

## सार संक्षेप

### मेरा गांवमेरा विद्यालय के तहत पीएम श्री विद्यालय बीकर में सामाजिक जागरूकता की मिसाल



**प्रयागराज।** पीएम श्री विद्यालय बीकर, विकासखंड जसरा में मेरा गांवमेरा विद्यालय कार्यक्रम के अंतर्गत सामाजिक, शैक्षिक एवं सांस्कृतिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा, बालिका सशक्तिकरण, दहेज व बाल विवाह के दुष्परिणामों पर जागरूकता फैलाई गई। कल्याणी लोक सेवा समिति, प्रयागराज ने मार्च में प्रस्तावित सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन की जानकारी अभिभावकों को दी और जरूरतमंद परिवारों से जुड़ने की अपील की। बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। समापन पर बच्चों को तहरी खिलाकर स्नेह जताया गया। कार्यक्रम के माध्यम से गांव में सामाजिक जागरूकता व सामूहिक विवाह का संदेश प्रभावी रूप से पहुंचा।

### अटल बिहारी वाजपेई जयंती पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित



**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, में भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर जिला प्रशासन के निदेर्शानुसार भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का मुख्य विषय सुशासन का महत्व रहा ।कार्यक्रम में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए सुशासन की अवधारणा, पारदर्शिता,जवाबदेही तथा राष्ट्र निर्माण में स्व.अटल बिहारी वाजपेयी के योगदान पर अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए। प्रतिभागी छात्राओं के भाषणों में विचारों की स्पष्टता और विषय की गहन समझ देखने को मिली ।निर्णायक मंडल में डॉ. सीमा सिंह एवं डॉ. अंकिता त्यागी उपस्थित रहीं, जिन्होंने प्रतिभागी छात्राओं में से तीन श्रेष्ठ वक्ताओं का चयन किया। प्रतियोगिता में बी.ए तृतीय वर्ष की छात्रा आयश प्रथम स्थान, बीएससी द्वितीय की छात्रा प्रिंसी, द्वितीय स्थानकी छात्रा महविश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया ।चयनित छात्राएं आगामी 22 दिसंबर 2025 को जनपद स्तर पर आयोजित होने वाली मुख्य प्रतियोगिता में महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगी।

## अली गांव मस्जिद कॉलोनी के लोगों ने

# केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले से मिलने पहुंचे लगाया मदद की गुहार

**वेलकम इंडिया/एहसान अंसारी**



**नई दिल्ली।** दिल्ली में गुरुवार को रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले से ओखला विधानसभा के अली गांव मस्जिद कॉलोनी के करीब 25 से 30 लोगों ने न्याय सामाजिक केंद्रीय राज्य मंत्री से मिलने पहुंचे थे। दरअसल ओखला विधानसभा क्षेत्र के आली गांव में आज 15 दिसंबर सुबह 10:00 बजे उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग द्वारा अपने जमीन पर किए गए अतिक्रमण को खाली कराने के लिए बड़ी संख्या में उत्तर प्रदेश की पुलिस, दिल्ली पुलिस और अर्धसैनिक बल की तैनाती की गई है।

इस दौरान उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग की टीम के द्वारा दर्जनों से ज्यादा दुकानों को सील किया गया तो वहीं मस्जिद के आसपास बने मकान को भी खाली कराया गया और उन्हें सील कर दिया गया। वहां रह रहे लोगों ने कहा हम काफी समय से रह रहे हैं हमारे साथ नाइंसाफी हुई है अपने लिए इंसाफ की मदद को लेकर न्याय सामाजिक केंद्रीय मंत्री से मिले और अपनी समस्याओं से अवगत कराया मिलने आए महिलाओं और बुजुर्गों ने केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले से अनुरोध किया है कि उनके घरों में लगे सिल को तुरंत हटाया जाए कटे हुए बिजली और पानी कनेक्शन को जोड़ा जाए। आगे किसी भी प्रकार की तोड़फोड़ या सीलिंग की कार्यवाही ना किया जाएं। मंत्री ने तुरंत उचित जांच और जो उचित मदद हो वो मिले आश्वासन दिया है। साथ में रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष ने फकरे आलम भी थे मीडिया से बातचीत में दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष फाकरे आलम ने कहा रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया हमेशा न्याय और इंसाफ के लिए जानी जाती है।

# कांग्रेसियों ने किया भाजपा कार्यालय का घेराव भाजपा पदाधिकारियों से सार्वजनिक माफी की मांग




**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**

**हापुड़।** गुरुवार को जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने भाजपा कार्यालय का घेराव कर भाजपा पदाधिकारियों से सार्वजनिक रूप से माफी की मांग की। यह घेराव कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी एवं शहर अध्यक्ष इरफान कुरैशी के नेतृत्व में शांतिपूर्ण ढंग से किया गया ।कार्यक्रम के तहत कांग्रेसजन दिल्ली रोड स्थित प्रीत विहार ल्ढऊअ कार्यालय पर एकत्रित हुए, जहां से सैकड़ों कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए भाजपा के जिला मुख्यालय पहुंचे और भाजपा सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया ।इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने कहा कि भाजपा ने बीते 11 वर्षों से पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष व सांसद सोनिया गांधी तथा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के विरुद्ध झूठे आरोप लगाकर उनकी छवि धूमिल करने का कार्य किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र में सत्तारूढ़ मोदी सरकार ने राजनीतिक प्रतिशोध की भावना से कांग्रेस पार्टी और उसके नेताओं के खिलाफ गैर-कानूनी कार्यवाहियां कीं, जो अब देश के सामने बेनकाब हो चुकी हैं ।शहर अध्यक्ष इरफान कुरैशी ने कहा कि सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ यंग इंडियन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा की गई कार्रवाई दुर्भावनापूर्ण थी। उन्होंने बताया कि माननीय न्यायालय ने अपने फैसले में ईडी की कार्रवाई को अवैध बताते हुए

# दुग्ध उत्पादों की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए जिपं सदस्या ने जिलाधिकारी से की शिकायत

**वेलकम इंडिया**



**बागेश्वर।** जिले में विभिन्न कम्पनियों के दुग्ध उत्पादों की गुणवत्ता पर सवालिया निशान उठाते हुए जिपं सदस्य ने दुग्ध उत्पादों में मिलावट होने, और इससे लोगों के स्वास्थ पर इसका दुष्प्रभाव पड़ने, साथ ही मिलावटखोरी रोकने हेतु सेम्पलिंग करने वाले अधिकारियों द्वारा कोई कार्रवाई नही किए जाने की शिकायत जिलाधिकारी से की है ।भैरुचौपट्टा क्षेत्र से जिपं सदस्य हेमलता के नेतृत्व में दुग्ध उत्पादों की गुणवत्ता को लेकर उचित जांच कराने की मांग को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

जिपं सदस्य ने जिले में मिलावटी दुग्ध उत्पादों की विक्री पर रोक लगाने,मिलावटखोरी कर अधिक मुनाफा कमाने के चक्कर में मिलावटी सिंथेटिक दुग्ध उत्पादों को महंगे दामों पर बेचकर लोगों के स्वास्थ से खिलवाड़ होने, भविष्य में इससे लोगों के स्वास्थ को होने वाले नुकसान को लेकर चिंता जताते हुए दुग्ध उत्पादों की समय समय पर जिम्मेदार विभाग के अधिकारियों द्वारा सेम्पलिंग कराने, और मिलावटखोरों पर सख्त कार्रवाई की मांग जिलाधिकारी से की है। वही पूर्व विधायक शेर सिंह गढ़िया और वरिस्ठ अधिवक्ता ने भी जिपं सदस्या की मांग को उचित बताते हुए मिलावटखोरी और नकली दुग्ध उत्पादों की विक्री पर रोक लगाने की मांग की।

जिपं सदस्य ने कहा कि बाजार में विभिन्न कंपनियों के दुग्ध उत्पाद उत्तरप्रदेश सहित अन्य राज्यो से विक्री हेतु आते हैं। दुग्ध उत्पादों में समय समय पर छापेमारी और जांच सेम्पलिंग के अभाव में धड़ल्ले से मिलावटी दुग्ध उत्पाद बाजार में बेचे जाने, से लोगों के स्वास्थ के साथ खिलवाड़ हो रहा है।

दुग्ध उत्पादों की गुणवत्ता बनाए रखने हेतु समय समय पर सेम्पलिंग किए जाने, और जांच कर मिलावटी दुग्ध उत्पादों को बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। इसी आशय का ज्ञापन देते हुए कहा कि गर्मियों में पशुपालकों का दूध उच्च गुणवत्ता का होने पर भी फट जाता है परंतु गर्मियों में देखा गया है कि बाजार में पैकेटों में बेचे जाने वालेकुछ बाहरी कंपनी के दुग्ध उत्पाद दूध, दही, लस्सी के पैकेट अधिक समय तक फ्रिज में रखने के बाद गुब्बारे की तरह फूलने लगते हैं। लोगों को ऐसे में दूध देरी से फटने की सोच के चलते लोग उन्ही उत्पादों को अधिक पसंद करते हैं ।जबकि गर्मियों में एक निश्चित तापमान में दूध को सेफ्टी में रखने के बाद भी स्थानीय पशुपालकों से खरीदा गया दूध फटने लगता है जबकि पैकेट बंद दूध आदि लंबे समय तक नही फटते है। दही के पैकेटों में स्थानीय पशुपालको से खरीदा गया उत्पाद बंद पैकेटों की अपेक्षा अधिक खट्टा होता है जबकि पैकेट में भरे जाने वाली दही में घरेलू की अपेक्षा कम चिकनाई और कम खटास होती है। इसके पीछे क्या कारण रहता है, इसको लेकर विभिन्न कम्पनियों के दुग्ध उत्पादों की जांच कराए जाने मिलावटखोरी कर लोगों के स्वास्थ के साथ खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ विशेशज्ञ जांच दल टीम का गठन किए जाने की मांग की गई।

## जाति और मूल निवास प्रमाण पत्र बनवाने गए चिकित्साधिकारी से गाली-गलौज

**गाजियाबाद।** कलेक्ट्रेट परिसर में जाति प्रमाण पत्र और मूल निवास प्रमाण पत्र बनवाने पहुंचे जिला एमएमजी के चिकित्साधिकारी के साथ गाली-गलौच और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देने का मामला सामने आया है। इस संबंध में चिकित्साधिकारी ने कविनगर थाने में केस दर्ज कराया है। डॉ. एके दीक्षित का कहना है कि वह जिला एमएमजी अस्पताल में चिकित्सा अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। चार जुलाई 2025 को वह डॉ. पुरु दहिया और पंकज शर्मा के साथ डॉ. पुरु का जाति प्रमाण-पत्र तथा मूल निवास प्रमाण-पत्र बनवाने कलेक्ट्रेट आए थे। दोपहर करीब ढाई बजे सीबीआई अधिवक्ता चैंबर के पास पहुंचे तो वहां मौजूद भारती ठाकुर और उसकी मां पुष्पा ठाकुर ने उन्हें देखकर गंदी-गंदी गालियां देना शुरू कर दिया।

# जनता रोड वाल्मिकी कालोनी होगी रेगुलराइज, निगम कार्यकारणी का फैसला

**वेलकम इंडिया**



**सहारनपुर।** महापौर डॉ. अजय कुमार की अध्यक्षता में आयोजित नगर निगम कार्यकारणी ने जनता रोड वाल्मिकी कालोनी को रेगुलराइज कर उस पर टैक्स लगाने का प्रस्ताव लंबी चर्चा के बाद पारित किया। जबकि बाबा लालदास रोड स्थित म्युनिसपिल कॉलोनी, कलसिया रोड वाल्मिकी कॉलोनी तथा गढ़ी मलूक व शहर में निर्मित निगम की दुकानों के सिकमी किरायेदारों के सम्बंध में पुनरावलोकन कर प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। अनेक विषयों पर चर्चा अधूरी रहने के कारण महापौर द्वारा बैठक कल शाम चार बजे तक स्थगित कर दी गयी। कल शाम चार बजे महापौर कार्यालय में ही कार्यकारणी बैठक पुनः शुरू करते हुए बाकि रह गए विषयों पर चर्चा करायी जायेगी।

आज शाम महापौर कार्यालय में महापौर डॉ. अजय कुमार की अध्यक्षता में कार्यकारणी की बैठक शुरू हुई। बैठक में प्रस्ताव संख्या 60 के माध्यम से ऐसे करदाताओं की सम्पत्ति व भवन की बिक्री और नीलामी करने की बात कही गयी थी जिनका निगम द्वारा भेजे गए नोटिस का समय समाप्त हो गया है। इस पर पार्षद अभिषेक अरोड़ा, मंसूर बदर, दिग्विजय चौहान, उपसभापति मयंक गर्ग ने अपने-अपने सुझाव दिए और ऐसे भवनों का विवरण उपलब्ध कराने की मांग की। जिस पर महापौर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कौन-कौन डिफाल्टर है उसकी एक डिटेल बनाकर विधिक राय ले लें और ऐसे भवनों का विवरण कार्यकारणी को उपलब्ध कराएं, ताकि उस पर आगे चर्चा करायी जा सके।

बैठक में बेहट रोड स्थित कुष्ठ आश्रम वाली भूमि पर निर्मित दुकाने, श्री रामलीला कमेटी द्वारा बेहट बस स्टैण्ड वाली भूमि में निर्मित दुकाने, नुमाईश कैंप में प्रथम तल पर निर्मित दुकाने, रेलवे रोड पर प्रथम तल पर निर्मित दुकाने तथा बाबा लाल दास रोड स्थित म्युनिसपिल कॉलोनी में स्वरुप बदलने एवं प्रथम तल पर निर्मित आवास के किराये और प्रीमियम के प्रस्ताव पर अनुज जैन, ज्योति अग्रवाल, संजय सैनी, राजेंद्र कोहली, आरती, फजलुर्रहमान, सुलेख चंद, शबाना प्रवीण आदि सभी पार्षदों ने विस्तार से चर्चा की। तय किया गया कि नगरायुक्त एक प्रशासनिक कमेटी का गठन करेंगे। उसकी रिपोर्ट के आधार पर ही निर्णय लिया जायेगा।

कलसिया रोड स्थित नगर निगम के स्वामित्व वाली कॉलोनी, ह्यकलसिया रोड वाल्मिकी कॉलोनीह्व का नाम बदलकर ह्यमातादीन वाल्मिकी कॉलोनीह्व रखने तथा निर्माण कार्यो सम्बंधी दो प्रस्ताव, बेहट बस स्टैण्ड वाली निगम की भूमि का किराया ढाई लाख रुपये करने तथा मेला गुघाल का आयोजन प्रत्येक वर्ष महाड़ी मेला सहित 20 दिन रखने का प्रस्ताव भी सर्व सम्मति से पारित किया गया। नगर निगम द्वारा ईईएसएल से समाप्त किये गए अनुबंध सम्बंधी प्रस्ताव पर भी कार्यकारणी ने अपनी मुहर लगायी। सेठगंगाप्रसाद सभागार में समाजहित के कार्यो के लिए पार्षदों द्वारा आयोजन किये जाने पर सभागार शुल्क में 75 प्रतिशत छूट की मांग भी पार्षदों द्वारा की गयी।

बैठक में अपर नगरायुक्त प्रदीप कुमार यादव, मृत्युंजय, सहायक नगरायुक्त जे पी यादव व बिकास धर दुबे, महाप्रबंधक जल पुरुषोत्तम कुमार, मुख्य अभियंता निर्माण सुरेश कुमार व एमएनएलपी सच्चिदानंद सिंह सहित सभी वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# श्रीमद् भागवत कथा के पाँचवें चरण में भक्ति रस में डूबा प्रयागराज

**वेलकम इंडिया**



**प्रयागराज।** श्री बांके बिहारी परिवार एवं श्री अग्रसेन अग्रवाल समाज, प्रयागराज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा का पाँचवाँ चरण अत्यंत भावपूर्ण, आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण एवं भक्तिरस से सराबोर रहा। व्यास पीठ पर विराजमान दिव्य ज्योति जागृति संस्थान के संयोजक श्री आशुतोष महाराज की शिष्या, साध्वी पद्म हस्ता भारती जी ने अपने ओजस्वी एवं हृदयस्पर्शी प्रवचनों से श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया।

कथा के दौरान साध्वी जी ने कहा कि ह्लईश्वर देखा जाता है, जब मन निष्कपट और भाव समर्पित होह्व। उनकी मधुर वाणी, भावपूर्ण कथा और भक्ति संगीत ने ऐसा वातावरण रचा कि उपस्थित श्रद्धालु झूम उठे और भक्ति में नृत्य करने को विवश हो गए। संपूर्ण पंडाल हरि नाम के जयघोष से गूंज उठा।

कार्यक्रम में आरती एवं दीप प्रज्वलन समाज के विशिष्ट जनों द्वारा संपन्न हुआ। इस अवसर पर अध्यक्ष पीयूष रंजन अग्रवाल, महामंत्री अभिषेक मित्तल, मंत्री अजीत बंसल सहित आशीष गोयल, अभिनव अग्रवाल, आशुतोष गोयल, अंकित कोटोंस, राहुल पटाखा, वैभव गोयल, राजन टंडन, मोहिनी अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, विवेक अग्रवाल, रश्मि पुरवार, अनिल, तुषार, अंकुर, प्रमेय, आशुतोष सन्द सहित अनेक गणमान्यजन एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

श्रीमद् भागवत कथा के इस चरण ने भक्तों के मन में भक्ति, प्रेम और ईश्वर सान्निध्य की अद्भुत अनुभूति छोड़ दी, जिसे श्रद्धालु लंबे समय तक स्मरण रखेंगे।

# डीएम की अध्यक्षता में कबीर मगहर महोत्सव-2026 आयोजन से सम्बंधित तैयारी बैठक हुई आयोजित



वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी आलोक कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में कबीर मगहर महोत्सव-2026 के आयोजन के संबंध में समिति के सदस्यों एवं सम्बंधित विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित हुई। इस अवसर अपर जिलाधिकारी (वित्त व राजस्व) जय प्रकाश व मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी उपस्थित रहे।

बैठक में कबीर मगहर महोत्सव-2026 का सफल आयोजन कराए जाने के संबंध में जिलाधिकारी द्वारा महोत्सव समिति के सदस्यों के साथ सभी आवश्यक बिंदुओं पर विस्तृत विचार विमर्श किया गया तथा महोत्सव का शुभारंभ एवं अवधि आदि के संबंध में समिति के सदस्यों व संबंधित अधिकारियों के साथ चर्चा की गई।

जिलाधिकारी ने कबीर मगहर महोत्सव का भव्य एवं सफल आयोजन कराये जाने के संबंध में महोत्सव के खर्चे एवं धन की उपलब्धता तथा व्यवस्था पर विस्तृत चर्चा करते हुए विभिन्न बिन्दुओं पर आयोजन समिति के सदस्यों को अपने सुझाव दिये तथा आवश्यकतानुसार सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया।

जिलाधिकारी ने कबीर मगहर महोत्सव-2026 का भव्य एवं आकर्षक आयोजन कराये जाने के दृष्टिगत आयोजित तैयारी बैठक में आयोजन समिति के सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि विगत वर्ष की भांति महोत्सव के सफल आयोजन हेतु जो भी उप समितियां गठित होती है उन्हें गठित कर कार्यक्रम के अनुसार सम्बंधित आयोजकों/सदस्यों की जिम्मेदारियों को सुनिश्चित कर दिया जाए। जिससे सभी कार्य सुचारू एवं सुव्यवस्थित रूप से सम्पन्न हो सके।

जिलाधिकारी ने कबीर मगहर महोत्सव के सफल, सुव्यवस्थित एवं आकर्षक संचालन के संबंध में समिति के सदस्यों के साथ चर्चा करते हुए कहा कि संत कबीर दास जी की पवित्र धरती पर आयोजित होने वाले कबीर मगहर महोत्सव के माध्यम से जनसामान्य में स्वच्छ एवं स्वस्थ्य संदेश जाना चाहिए, जिससे महोत्सव में प्रतिभाग करने वाले हर आम आदमी को कबीर दास जी के विचारों से प्रेरणा मिल सकें।

इस अवसर पर जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी अजय श्रीवास्तव, परियोजना निदेशक विजयंत सिंह, एसडीएम खलीलाबाद अरुण कुमार, वरिष्ठ कोषाधिकारी त्रिभुवन लाल, महोत्सव समिति के सदस्य शिवकुमार गुप्ता, पवन कुमार श्रीवास्तव, अवधेश सिंह, सुभाष चंद्र शुक्ला, नगर पंचायत मगहर अध्यक्ष प्रतिनिधि नुरुज्जमा अंसारी, जिला पूर्ति अधिकारी राजीव कुमार, जिला आबकारी अधिकारी संजय कुमार, पर्यटन अधिकारी विकास नारायण व सूचना अधिकारी सुरेश कुमार सरोज सहित सम्बन्धित अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## युवक पर धारदार हथियारों से हमला कर किया घायल

**कांधला।** थाना क्षेत्र के मोहल्ला मुस्तफाबाद निवासी एक युवक के साथ कई लोगों ने लाठी डंडे व धारदार हथियार से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया घायल ने अपना मेडिकल परीक्षण कराने के बाद थाने पहुंचकर तहरीर दी है। पुलिस जांच में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के मोहल्ला मुस्तफाबाद निवासी आरिफ ने बताया कि उसका पुत्र सुहेल अपने घेर से घर पर आ रहा था आरोप है कि तभी कस्बे के बाईपास मार्ग निवासी कई लोगों ने पीड़ित के युवक को घेर लिया और उसके साथ लाठी डंडों सहित धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। पीड़ित ने अपने पुत्र को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। और डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद कई लोगों के विरुद्ध थाने पहुंचकर नामजद तहरीर दी है। पुलिस ने जांच करने के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है। दुसरी और भभीसा निवासी अशोक ने बताया कि वह कस्बे के नवजीवन हॉस्पिटल में कार्य करता है। आरोप है कि गांव जिडाना निवासी पिता पुत्र ने पीड़ित के साथ दुर्व्यवहार करते हुए गाली गलौज की और मारपीट की पीड़ित ने थाने पर तहरीर देकर निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की है।

## ग्राम पंचायत माल्दे की हुई पहली खुली बैठक

# ब्लॉक प्रमुख ने विकास कार्यो हेतु भरपूर सहयोग का दिया आश्वासन



वेलकम इंडिया

**गरुड़, दिनेश नेगी।** ग्राम पंचायत माल्दे की पहली खुली बैठक ग्राम पंचायत भवन में हुई।ग्राम प्रधान कविता नेगी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में ग्राम पंचायत के विकास को लेकर ग्राम पंचायत सदस्यों और ग्रामीणों के साथ चर्चा हुई।बैठक में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे ब्लॉक प्रमुख किशन सिंह बोरा का ग्राम प्रधान और पंचायत सदस्यों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया।बैठक में जिला पंचायत सदस्य अंणा भास्कर बोरा भी विशिष्ट अतिथि के तौर पर पहुँचे।ग्राम प्रधान कविता नेगी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में गांव के विकास कार्यों और पिछली बैठकों में प्रस्तावित योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई।

ग्राम सभा की खुली बैठक में मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख किशन सिंह बोरा ने अपने सम्बोधन में कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार की विभिन्न विकास योजनाओं का लाभ जन जन तक पहुंचाना है।ब्लॉक के विभिन्न गांवों के विकास हेतु कार्य करना पहली प्राथमिकता है।विकासखण्ड के गांवों का समुचित विकास हो इसके लिए कार्ययोजना और शासन स्तर से पर्याप्त बजट मिले इसके लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे।गांवों की मूलभूत समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निदान किया जाएगा।

बैठक में प्रभारी कृषि अधिकारी गरुड़ सुश्री मनीषा ने कृषि विभाग की योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। साथ ही लोगों को फसल बीमा, कृषि यंत्रों, बीज, की जानकारी दी। बैठक में ग्राम विकास अधिकारी नवीन टम्टा ने मनरेगा, जॉब कार्ड ऑनलाइन, की जानकारी दी। ग्राम पंचायत विकास अधिकारी देवेन्द्र गुसाई ने राज्य वित्त, तृतीय वित्त, स्वच्छता, राशन कार्ड, परिवार पृथक करण, आदि की जानकारी दी।

## रती नेत्रालय में नि:शुल्क घर जैसी सुविधा प्राप्त कर हुयी रौशन महिला व पुरुष ग्रामीणों की आँखें



**झांसी।** बुंदेलखंड मानव सेवा संस्थान के तत्वावधान में संरक्षक सेवा निवृत प्रशासनिक अधिकारी पी के अग्रवाल की अध्यक्षता मेजर डॉ एम सी अग्रवाल के निर्देशन में रति नेत्र चिकित्सालय में आज शिविर के अन्तिम दिवस सभी एक सौ एक मोतियाबिंद रोगियों के निःशुल्क उपचार उपरान्त उन्हें काले चश्में प्रदान करते हुए आवश्यक निश्चित सावधानियों से अवगत कराया गया। त्रिदिवसीय शिविर में परीक्षण एवं निःशुल्क ऑपरेशन उपरान्त आवश्यक हिदायतें देते हुए डॉक्टर्स की टीम ने अपने को लक्ष्य प्राप्ति पर हर्ष जताया व ईश्वरीय कार्य में अपने को संलग्न कर स्वयं धन्य हुये। भविष्य में भी अपनी माता के परिनिर्माण दिवस पर आम जन की सेवा करने हेतु संकल्प लिया। समापन के अवसर पर समाज सेवी देवप्रिया उकसा , अशोक अग्रवाल काका, कमलेश मोदी , व डॉक्टर्स की टीम के सभी सदस्य उपस्थित रहे व सभी को चश्में प्रदान किये। ऑपरेशन उपरान्त सभी नेत्र रोगियों ने नई रोशनी पाकर प्रसन्नचित मुद्रा में गंतव्य को प्रस्थान किया। सुनीता अग्रवाल ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

## उप मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर तैयारियों का निरीक्षण



**झांसी गुरसराय।** गुरसराय के खेर इंटर कॉलेज में उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक के प्रस्तावित आगमन को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में उप जिलाधिकारी सुनील कुमार ने बुधवार दोपहर 2 बजे गरोठा रोड स्थित खेर इंटर कॉलेज मैदान का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उप जिलाधिकारी ने सुरक्षा, यातायात, मंच व्यवस्था, पार्किंग एवं हेलीपैड सहित अन्य आवश्यक इंतजामों को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बताया गया कि उप मुख्यमंत्री दोपहर करीब 1 बजे हेलीकॉप्टर से गुरसराय पहुंचेंगे। आगमन के पश्चात उप मुख्यमंत्री सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद वे ग्राम आमली में महंत वेदही बल्लभ महाराज के यहां आयोजित त्रियोदशी संस्कार में सम्मिलित होंगे। प्रशासन द्वारा कार्यक्रम को लेकर सभी तैयारियों को समयबद्ध रूप से पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए हैं।

## बाल संप्रेक्षण गृह किशोर ललितपुर के बालको के साथ संवाद स्थापित किया गया



**झांसी।** मा.कुलपति जी के निदेर्शानुसार महिला अध्ययन केंद्र ,एवं समाज कार्य विभाग बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झांसी के संयुक्त तत्वावधान में बाल संप्रेक्षण गृह (किशोर) ललितपुर में बालकों के साथ संवाद स्थापित किया गया इस क्रम में बालकों के मानसिक एवं बौद्धिक विकास हेतु विश्वविद्यालय द्वारा पुस्तकों को हस्तागत कराया गया। इस अवसर पर सुनील सिंह (अपर जिला जज ललितपुर), एसडीएम (सदर ललितपुर), डॉ यतीन्द्र मिश्र, डॉ अचला पाण्डेय, डॉ नेहा मिश्रा, भूपेन्द्रमिश्रा,सुधीर त्रिपाठी, श्री दीनानाथ (सहा.अधीक्षक),संतोष पंत, मुकेश चौरसिया, सुमन सिंह, प्रियंका मालवीय, प्रीति तिवारी, श्री राजकुमार आदि उपस्थित रहे।

## ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विस ने किया एंबुलेंस सेवाओ का निरीक्षण



वेलकम इंडिया

**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विस के उच्च पदाधिकारी एवं क्षेत्र प्रभारी संदीप कुमार, मंडल प्रभारी जयविंद्र जसोया तथा जिला प्रभारी ललित मोहन जोशी द्वारा कस्बे के सरकारी अस्पताल सहित जनपद में संचालित सभी एंबुलेंस सेवाओं 108 व 102 का औचक निरीक्षण किया गया।इसके साथ ही जनपद के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों सीएचसी एवं अस्पताल की ओपीडी में आने वाले मरीजों को 108 एवं 102 एंबुलेंस सेवा की निशुल्क सुविधा के बारे में जागरूक किया गया।अभियान के दौरान गर्भवती महिलाओं को जच्चा-बच्चा संबंधी मामलों में 102 एंबुलेंस सेवा तथा अन्य आपातकालीन परिस्थितियों में 108 एंबुलेंस सेवा के निशुल्क उपयोग की जानकारी दी गई।

# नेशनल युवा उत्सव के लिए जेएमएस वर्ल्ड स्कूल की माही बाना का चयन

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह



**हापुड़।** जेएमएस वर्ल्ड स्कूल के विद्यार्थियों ने मंडल स्तरीय युवा उत्सव में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय एवं जनपद का नाम रोशन किया है। कहानी लेखन प्रतियोगिता में विद्यालय की छात्रा माही बाना ने प्रथम स्थान प्राप्त कर राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए अपना चयन सुनिश्चित किया है। अब माही 22 से 24 दिसंबर तक लखनऊ में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय युवा उत्सव में हापुड़ जनपद का प्रतिनिधित्व करेंगी।

विज्ञान प्रदर्शनी में भी शानदार प्रदर्शन मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में जहाँ माही बाना ने कहानी लेखन में प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं विज्ञान प्रदर्शनी में भी विद्यालय के छात्र-छात्राओं का प्रदर्शन सराहनीय रहा। विद्यालय की छात्रा सिद्दी त्यागी ने अपने सहपाठियों शशका, जिज्ञासा एवं सूजल के साथ मिलकर विज्ञान प्रदर्शनी में तृतीय स्थान प्राप्त किया।प्रबंधन एवं शिक्षकों ने दी बधाई इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर विद्यालय के सचिव डॉ. रोहन सिंघल ने विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. निधि मलिक एवं समस्त स्टाफ को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यालय के अनुशासित वातावरण और शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन का परिणाम है। डॉ. रोहन सिंघल ने विश्वास व्यक्त किया कि माही राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी प्रतिभा से जनपद का नाम रोशन करेंगी।विद्यालय के प्रबंधक डॉ. आयुष सिंघल ने विजयी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि निरंतर परिश्रम ही सफलता की कुंजी है तथा विद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए सदैव प्रतिबद्ध है।

प्रधानाचार्या डॉ. निधि मलिक ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा

## युवती को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप, मुकदमा दर्ज

**कांधला।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने गांव के ही एक युवक पर उसकी पुत्री को बहला-फुसलाकर ले जाने और उसके साथ जबरन शादी रचाने का गंभीर आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है गुरुवार को पीड़िता ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उसकी 24 वर्षीय पुत्री घर से कस्बे में जूते पहनने की बात कहकर निकली थी। काफी समय बीत जाने के बाद भी जब वह घर वापस नहीं लौटी तो परिजनों को चिंता हुई।इसके बाद परिजनों ने रिश्तेदारों और परिचितों के यहां जानकारी ली तथा संभावित स्थानों पर तलाश की, लेकिन युवती का कहीं भी कोई सुराग नहीं लग सका। बाद में गांव के ही एक व्यक्ति द्वारा जानकारी दी गई कि उसकी पुत्री को गांव भभीसा निवासी सन्नी अपनी कार में बैठाकर दिल्ली की ओर ले गया है।

# मुख्य विकास अधिकारी के द्वारा ब्लॉक हापुड़ तथा प्राथमिक विद्यालय का किया गया औचक निरीक्षण

वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा



**हापुड़।** जनपद के मुख्य विकास अधिकारी हापुड़ हिमांशु गौतम के द्वारा ग्राम श्यामनगर में प्राथमिक विद्यालय एवं विकासखंड हापुड़ का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय सहायक विकास अधिकारी को निर्देश दिए कि वो विकास खंड हापुड़ के अंतर्गत तैनात 13 कर्मचारियों की डेली उपस्थिति दर्ज कराए एवं फैमिली फॉर्मर रजिस्ट्री का कार्य प्राथमिकता पर कराए ओर उसकी समीक्षा करे, लापरवाह कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करे।

खंड विकास अधिकारी को निर्देश दिए गए कि ब्लॉक परिसर में साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए सभी अभिलेखों का उचित प्रकार से रखरखाव किया जाए। वह समस्त योजनाओं को सुचारू रूप से किर्यांवित करें जितने भी निर्माण कार्य चल रहे हैं उनका कार्य गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए तथा समय-समय पर पर्यवेक्षक द्वारा निर्माण कार्य पर जाकर जांच भी की जाए।

उन्होंने खंड विकास अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा की शासन द्वारा संचालित सभी योजनाओं में पात्र लोगों को योजना का लाभ अवश्य मिले कोई भी पात्र व्यक्ति सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। फैमिली र के कार्य को लक्ष्य के अनुरूप पूर्ण कराया जाय।

# मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में मनाया गया अल्पसंख्यक अधिकार दिवस




वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा

**हापुड़।** जनपद में अंतरराष्ट्रीय अल्पसंख्यक अधिकार दिवस के शुभ अवसर पर विकास भवन सभागार हापुड में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में अल्पसंख्यक अधिकार दिवस मनाया गया।उत्तर प्रदेश शासन के निदेर्शों के क्रम मे अल्पसंख्यक अधिकार दिवस पर मुख्य अतिथि के रुप में हिमांशु गौतम आई ए एस मुख्य विकास अधिकारी ने उपस्थित समस्त मदरसा संचालको, प्रबंधकों, प्रधानाचार्यो, धर्मगुरुओ व अल्पसंख्यक समुदाय के सम्मानित व्यक्तियों, सामाजिक संगठनों को अल्पसंख्यक अधिकार दिवस के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि सरकार के द्वारा एमएसडीपी प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के अंतर्गत अल्पसंख्यक बाहुल्य ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में अनेकों विकास के कार्य करोड़ों रुपए की लागत से कराए जा रहे हैं। अल्पसंख्यक समुदाय के उत्थान एवं उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता अभियान चलाने व जागरूक करने के लिए मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम आई.ए.एस व जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सुनीता मंडार ने डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सोशल वेलफेयर सोसाइटी के चेयरमैन मौ दानिश कुरैशी, मौ अहमद, कारी शहजाद,डा मुशीर, महताब आलम,कारी शहजाद,अनस राणा देहरा, मौ सुहैल दहपा, शहजाद, मुस्तफा त्यागी सलाई, मो दानिश कुरेशी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर परियोजना निदेशक अनवर शेख, जिला समाज कल्याण अधिकारी शिवकुमार, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सुनीता मंडार, सोसायटी के चेयरमैन दानिश कुरैशी,वली मो,चौधरी जुबेर, मौ अहमद समेत आदि लोग उपस्थित रहे।

# तीन दिवसीय अंतर-महाविद्यालय वॉलीबॉल टूनार्मेंट का गरिमामय समापन

वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा






**हापुड़।** जनपद के पिलखुवा के अनवरपुर के सरस्वती इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, अनवरपुर, हापुड़ द्वारा आयोजित तीन दिवसीय अंतर-महाविद्यालय वॉलीबॉल टूनार्मेंट स्मैश 2025 का भव्य एवं गरिमामय समापन 17 दिसंबर 2025 को संस्थान के वॉलीबॉल मैदान में संपन्न हुआ। उत्साह, खेल भावना और अनुशासन से परिपूर्ण इस आयोजन का समापन उस ऐतिहासिक क्षण के साथ हुआ, जब मेजबान टीम सरस्वती इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, हापुड़ ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्मैश 2025 चैम्पियनशिप ट्रॉफी अपने नाम की।

टूनार्मेंट का बहुप्रतीक्षित फाइनल मुकाबला सरस्वती इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, हापुड़ और जी.एस. मेडिकल कॉलेज के बीच खेला गया। दर्शकों से खचाखच भरे मैदान में खेले गए इस रोमांचक मुकाबले में दोनों टीमों ने उच्च स्तरीय खेल कौशल, रणनीतिक समझ और टीमवर्क का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। घरेलू दर्शकों के जोशीले समर्थन के बीच मेजबान टीम ने संयम, आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प के साथ निर्णायक जीत दर्ज कर चैम्पियनशिप ट्रॉफी अपने नाम की।समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में संस्थान के वरिष्ठ नेतृत्व एवं प्रबंधन की गरिमामयी उपस्थिति रही।

संस्थान की प्राचार्या डॉ. बरखा गुप्ता एवं महाप्रबंधक एन. वर्धराजन ने विजेता टीम को चैम्पियनशिप ट्रॉफी एवं स्वर्ण पदक प्रदान किए, जबकि उपविजेता जी.एस.मेडिकल कॉलेज की टीम को रजत पदकों से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर निदेशक (प्रशासन) श्री रघुवर दत्त, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. मेजर जनरल चरणजीत सिंह अहलूवालिया तथा वरिष्ठ सलाहकार ब्रिगेडियर डॉ. आर. के. सहगल की विशिष्ट उपस्थिति रही। उन्होंने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके अनुशासन, खेल भावना और प्रतिस्पर्धात्मक जज्बे की सराहना की।

समारोह में वरिष्ठ संकाय सदस्य एवं आयोजन समिति के अधिकारी भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे, जिनमें डॉ.(ब्रिगेडियर) विनीत रस्तोगी (प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, सामुदायिक चिकित्सा), डॉ. राजेश भाटिया (प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, ऑर्थोपेडिक्स), डॉ. ऋचा शर्मा (प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, जनरल मेडिसिन), डॉ. कृति वर्मा, वरिष्ठ सलाहकार डॉ.वाई. सी.गुप्ता तथा डॉ.(लेफ्टिनेंट कर्नल) संदीप बंसल शामिल रहे।

# धनघटा विधानसभा क्षेत्र में आयोजित दो दिवसीय विधायक खेल स्पर्धा-2025 का हुआ भव्य समापन

चेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** धनघटा विधानसभा के सिरसी के श्री सीताराम इंटर कॉलेज के प्रांगण में युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग द्वारा मा0 विधायक खेल स्पर्धा-2025 का दो दिवसीय खेल - कूद का आयोजन किया गया।

इस स्पर्धा में जूनियर, सबजूनियर और सीनियर वर्ग में बालक और बालिकाओं ने एथलेटिक्स जिसमें 100 मी0, 200 मी0, 800मी0, 1500 मी0 दौड़, जेबलिन थ्रो, डिसकस थ्रो, लॉन्ग जंप, हाई जंप आदि की प्रतियोगिता हुई। इसके अतिरिक्त वॉलीबॉल, कबड्डी और कुश्ती और जूडो स्पर्धा का भी आयोजन किया गया।

समापन अवसर पर मा0 विधायक धनघटा गणेश चौहान जी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए स्वयं भी अधिकारी/कर्मचारी बनाम जनप्रतिनिधि/कार्यकर्ता के मध्य हुए रस्साकसी प्रतियोगिता में उत्साहपूर्ण भाग भी लिया। अधिकारी और कर्मचारियों की ओर से धनघटा के उप जिलाधिकारी डॉ सुनील कुमार के नेतृत्व में रस्साकसी में भाग लिया गया।

इस अवसर पर मा0 विधायक गणेश चौहान जी ने भारी संख्या में उपस्थित खिलाड़ियों को कड़ाके की ठंड में प्रबल उत्साह के साथ प्रतिभाग करने के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि विधायक खेल स्पर्धा का आयोजन बहुत सफलता पूर्वक किया गया जिससे क्षेत्र के खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा, साथ ही विभिन्न आयु वर्ग के खिलाड़ियों के अनुशासन और प्रतिबद्धता भी सराहना योग्य है।

विजेताओं में जूनियर बालक वर्ग में नाथनगर की टीम ने प्रथम स्थान तथा हैसर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया ।सबजूनियर वर्ग की कुश्ती प्रतियोगिता में 49 किग्रा में आकाश, 56 किग्रा में गौरव, 53 किग्रा मनीष तथा 70 किग्रा में अभिनव प्रथम स्थान पर रहे। जूनियर वर्ग में आकाश, नमन, दीपक प्रथम रहे। सीनियर पुरुष वर्ग में 61 किग्रा में सीताराम और 74 किग्रा में सुधीर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। लंबी कूद में विशाल ने जूनियर वर्ग में शिवांश और सीनियर वर्ग में नारद चौहान में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

## ससुरालियों पर दहेज उत्पीडन, जबरन गर्भपात और अप्राकृतिक यौन संबंध का आरोप

**गाजियाबाद।** कविनगर थानाक्षेत्र में रहने वाली विवाहिता ने पति, सास, ननद और अन्य ससुरालियों पर दहेज उत्पीडन, जबरन गर्भपात, अप्राकृतिक यौन संबंध तथा दुष्कर्म की कोशिश जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। पुलिस का कहना है कि केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। गोविंदपुरम इलाके में रहने वाली महिला का कहना है कि उसकी शादी 21 अक्तूबर 2015 को नई दिल्ली के द्वारका स्थित एक फार्म हाउस में हिंदू रीति-रिवाज से हुई थी। शादी में उनके पिता ने करीब सवा करोड़ रुपये खर्च किए थे। शादी के बाद वह पति के साथ नासिक स्थित ससुराल में रहने लगी। आरोप है कि शादी से पहले पति की नौकरी और आय को लेकर झूठी जानकारी दी गई और फर्जी नियुक्ति-पत्र दिखाया गया। पीड़िता का कहना है कि शादी के कुछ ही महीनों बाद ससुराल पक्ष ने अतिरिक्त दहेज की मांग शुरू कर दी। बीएमडब्ल्यू कार, 20 लाख रुपये और तीन बीएचके फ्लैट की मांग को लेकर उन्हें आए दिन प्रताड़ित किया जाने लगा।

# आवास विकास कॉलोनी में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह



**हापुड़।** आवास विकास कॉलोनी स्थित सीझ18, दिव्य लाइब्रेरी, जिसे के.पी. सिंह द्वारा संचालित किया जा रहा है, में एक निःशुल्क हेल्थ चेकअप कैंप का सफल आयोजन किया गया। शिविर में आवास विकास कॉलोनी एवं आसपास के क्षेत्र के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया ।यह स्वास्थ्य जांच शिविर स्वदेशी अपनाओ, विदेशी भगाओ अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य एवं संतुलित जीवन की थीम पर आयोजित किया गया, जिसमें माइलिन न्यूट्री केयर कंपनी के सहयोग से लोगों की जांच की गई। कंपनी के सीनियर कोच बृजेश पवार, गौरव तोमर, श्री लोकेंद्र, आशु एवं के.पी. सिंह ने उपस्थित लोगों को कंपनी के उद्देश्यों, स्वदेशी उत्पादों तथा वर्तमान समय में न्यूट्रीशन की महत्ता के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। वक्ताओं ने बताया कि यह एक भारतीय कंपनी है, जो लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित कर रही है।

शिविर में लगभग 90 से 100 लोगों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की गई। जांच के दौरान रेखा, पुष्पा, मनीषा, दिवाकर, भट्ट , तनु, प्रिया, प्रिया मेहरा, मोनू, संजय, मेशी , संदीप, सतीश, मनीष, सुधा, मीरा, रविशंकर जी सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर लोगों में विशेष उत्साह देखने को मिला और स्थानीय निवासियों ने इस पहल की सराहना की। श्री के.पी. सिंह ने जानकारी दी कि शीघ्र ही आवास विकास कॉलोनी में एक वैलनेस क्लब खोला जाएगा, जिससे उनके शिक्षा और स्वास्थ्य के मिशन को और अधिक मजबूती मिलेगी।

कार्यक्रम के आयोजक श्री के.पी. सिंह, जो कि बहुजन समाज पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष भी रह चुके हैं, ने सभी आगंतुकों, सहयोगियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी एवं स्वास्थ्यवर्धक कार्यक्रमों का आयोजन निरंतर किया जाता रहेगा।

## अवध गर्ल्स इंटर कॉलेज में

# लिंगुआक्वेस्ट 2.0 का सफल आयोजन



वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** अवध गर्ल्स इंटर कॉलेज कड़जा में अंग्रेजी विभाग के तत्वावधान में लिंगुआक्वेस्ट 2.0 कार्यक्रम का आयोजन अत्यंत सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में डॉ. शबीहा मुमताज (प्रधानाचार्य, जीजीआईसी खलीलाबाद एवं प्रभारी प्रधानाचार्य, डायट संत कबीर नगर) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं, जबकि डॉ. संजय द्विवेदी (प्रधानाचार्य, ए.एच. एग्री इंटर कॉलेज, दूधारा, संत कबीर नगर) विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

कार्यक्रम में विद्यालय के प्राइमरी एवं जूनियर वर्ग के विद्यार्थियों ने अंग्रेजी भाषण, कविता पाठ एवं वादझविवाद प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों में कक्षा 8 से आयशा, सिद्दीका, फातिमा जोहरा; कक्षा 7 से फरीहा रहमान, आफिया आरिफ, रिफा नसीर; कक्षा 6 से उज्मा फराह, बुशरा फराह, इनाया खान; कक्षा 5 से आफिया, आयशा चौधरी, चौधरी मन्तशा; कक्षा 4 से अयान, अफरा यूसुफ, सिदरतुल मुन्तहा; कक्षा 3 से उमामा, जुनैरा, फराज रहमान; कक्षा 2 से अलीना परवेज, जोया, उम्मे हबीबा तथा कक्षा 1 से अलीशा राफी, अर्पिता एवं आयशा खातून शामिल रहीं। इन विद्यार्थियों ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्राप्त किए। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में कुल 96 विद्यार्थियों को सहभागिता पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

## व्यापारी एवं उनके भतीजे के आकस्मिक निधन पर वैश्य समाज द्वारा शोक संवेदना व्यक्त की

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** वैश्य समाज मोदीनगर की एक आवश्यक बैठक छतरी वाले मन्दिर में सम्पन्न हुई। जिसमें मोदीनगर के दिवंगत व्यापारी अशोक अग्रवाल एवं इनके भतीजे अभिनव अग्रवाल तथा विनोद गुप्ता के पुत्र आकाश गुप्ता का आकस्मिक निधन से वैश्य समाज मोदीनगर के समस्त कार्यकत्ताओं एवं पदाधिकारियों ने शोक व्यक्त किया एवं परमपिता परमात्मा से उनके परिजनों को इस दुःख को सहने करने की क्षमता प्रदान करने की प्रार्थना की। उनके निधन से वैश्य समाज को अत्यन्त क्षति पहुंची है ।बैठक में उपस्थित सदस्यों देवराज मित्तल, अश्विनी गुप्ता, संदीप मित्तल, नवीन जायसवाल, अनुज गोयल, नरेश दानी, के.के. गुप्ता, दीपक अग्रवाल, अभिषेक मित्तल, राजू तायल, अनिल गोयल, महेश तायल, सर्वेश गुप्ता, सुदेश मित्तल, प्रमोद गोयल, अशोक गुप्ता जी, संजय सिंघल अभिषेक गोयल, विनोद गुप्ता, प्रवीन गुप्ता आदि लोग उपस्थित थे।

# सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल में दो दिवसीय अंतर विद्यालय फुटबॉल टूनार्मेंट का आयोजन



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल में दो दिवसीय अंतर विद्यालय फुटबॉल टूनार्मेंटआयोजित किया जा रहा है। जिसमें रोमांचक मुकाबले के माध्यम से खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का सशक्त मंच प्रदान किया गया है ।इस प्रतियोगिता में गाजियाबाद, साहिबाबाद, मेरठ सहित अन्य जिलों के विभिन्न सीबीएसई विद्यालयों की टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। टूनार्मेंट में 200 से अधिक खिलाड़ियों ने अपने खेल कौशल और टीम भावना का शानदार प्रदर्शन किया।

टूनार्मेंट का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष मेरठ गौरव चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि जयदीप चौधरी, युवा अध्यक्ष (आरएलडी) द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन से श्रीमती पारुल श्रेणी ने मुख्य अतिथि एवं अन्य गणमान्य अतिथियों का फूलों के गुलदस्ते से स्वागत किया साथ ही स्कूल प्रधानाचार्य डॉक्टर सरिता सिंधु एवं संयुक्त प्रबंधक अनुपम यादव द्वारा अतिथियों को शॉल पहनाकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गौरव चौधरी ने कहा कि खेल युवाओं को अनुशासन, नेतृत्व और आत्मविश्वास प्रदान करते हैं तथा भारत को खेलों के क्षेत्र में अग्रणी स्थान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

उन्होंने विद्यार्थियों को खेलों के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय स्पोर्ट्स कमेटी अध्यक्ष अभिषेक चौधरी, अजय कुमार ,अनुज कुमार ,अंकिता साहू एवं विभिन्न स्कूलों के कोचों को विद्यालय प्रबंधन श्री तुषार गुप्ता एवं डॉक्टर शिखा दरबारी द्वारा बधाई देते हुए सफल आयोजन की शुभकामनाएं दी।

# निराश्रित व्यक्तियों को कंबल वितरण किया



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** जिलाधिकारी द्वारा निर्गत निदेशों के क्रम में मोदीनगर क्षेत्र में एसडीएम अजीत कुमार सिंह, नायब तहसीलदार मुकेश कुमार शर्मा द्वारा रात्रि भ्रमण कर निराश्रित व्यक्तियों को कंबल वितरण किया गया। मोदीनगर में स्थित रेन बसेरा छतरी वाला मंदिर निकट रोडवेज बस स्टैंड तथा स्थाई रैन बसेरा संजय पुरी का भी निरीक्षण किया गया।

रैन बसेरे के केयरटेकर को आवश्यक मूलभूत सुविधाएं यथावत बनाए रखने हेतु निर्देशित किया गया तथा निराश्रित लोगों को रैन बसेरे में शिफ्ट कराया गया।

# यातायात माह में उपनिरीक्षक ने काटे सर्वाधिक चालान, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त ने किया सम्मानित




वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** आईटीएस कॉलेज मोहननगर, गाजियाबाद में एक माह से यातायात पुलिस कर्मियों हेतु चल रहे बिहेवियरल ट्रेनिंग फैसिलिटेशन कार्यक्रम का समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त, कानून व्यवस्था यातायात द्वारा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर यातायात कर्मियों एवं छात्र/छात्राओं को यातायात नियमों के पालन, सड़क सुरक्षा, अनुशासित व्यवहार तथा नागरिकों के साथ मर्यादित एवं संवेदनशील व्यवहार के संबंध में विस्तार से ब्रीफ किया गया। इस मौके पर अतिरिक्त पुलिस आयुक्त आलोक प्रियदर्शी ने तीन निरीक्षक और तीन उपनिरीक्षक को सम्मानित किया। जिसमें उपनिरीक्षक सुबोध कुमार को याताया माह में सर्वाधिक 3412 चालान करने के लिए सम्मानित कर प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

# पुलिस को बड़ी सफलता , अन्तर्राज्यीय अपराधी के साथी की गिरफ्तारी



**कांधला।(मोहसिन रहमानी)** थाना पुलिस ने 50 हजार रुपये के अन्तर्राज्यीय हिस्ट्रीशीटर बदमाश समयदीन उर्फ शामा (मृत) के एक सक्रिय साथी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किए गए 265 ग्राम,26.5 तोले,पीली धातु के आभूषण तथा 3 लाख 2 हजार 400 रुपये नगद बरामद किए हैं। पुलिस ने पकड़े गए बदमाश के विरुद्ध अभियोग दर्ज कर जेल भेज दिया है। विगत,8/9 दिसंबर की रात्री थाना बाबरी व थानाभवन पुलिस की संयुक्त कार्रवाई के दौरान 50 हजार रुपये का इनामी अपराधी समयदीन उर्फ शामा पुत्र मेहरदीन निवासी मोहल्ला रायजादगान, थाना कांधला, जनपद शामली,हाल पता जनता कॉलोनी, उरुकेरे, जनपद तुमकुर, कर्नाटक, पुलिस मुठभेड़ में घायल हो गया था। उपचार के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। मृतक बदमाश समयदीन उर्फ शामा के विरुद्ध डकैती, लूट और चोरी के 29 मुकदमे शामली व सहारनपुर जनपदों के अलावा कर्नाटक, तेलंगाना और जयपुर राजस्थान में पंजीकृत थे। वह एक शातिर और सक्रिय अन्तर्राज्यीय बदमाश था।

# 2047 के भारत की नींव रोजगार से होगी मजबूत 76 कंपनियों ने 1550 युवाओं को दिया अवसर

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प तभी साकार हो सकता है, जब देश का युवा आत्मनिर्भर, कुशल और रोजगार से जुड़ा होगा। यह बात भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री माननीय जीतन राम मांझी ने आर. डी. इंजीनियरिंग कॉलेज में आयोजित वृहद रोजगार मेला कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर कही। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि शिक्षा और रोजगार एक-दूसरे के पूरक हैं और दोनों के समन्वय से ही मजबूत राष्ट्र की नींव रखी जा सकती है।

कार्यक्रम का शुभारंभ मंत्री जीतन राम मांझी, मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल तथा अन्य विशिष्ट अतिथियों द्वारा संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलन कर किया गया। अपने संबोधन में मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा कि केंद्र सरकार युवाओं को स्वरोजगार और उद्यमिता से जोड ? के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। इसी दिशा में ग्रामीण क्षेत्रों में नवाचार, ग्रामीण उद्योग और उद्यमिता को बढ़ावा देने हेतु नवाचार, ग्रामीण उद्योग एवं उद्यमिता प्रोत्साहन योजना लागू की गई है। इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण युवाओं को कौशल विकास, प्रशिक्षण, नवाचार केंद्रों और सूक्ष्म उद्यमों के माध्यम से रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है, ताकि एक सक्षम और सशक्त रोजगार पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण किया जा सके।

# दिव्यांग बच्चों की मुस्कान से रोशन हुआ सहायक उपकरण वितरण शिविर

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत समेकित शिक्षा की अवधारणा को व्यवहारिक रूप में साकार करते हुए नगर संसाधन केंद्र, राजीव कॉलोनी, करहेड़ा, मोहन नगर में आयोजित दिव्यांग बच्चों का सहायक उपकरण वितरण शिविर सेवा, करुणा और सामाजिक उत्तरदायित्व का एक प्रेरणादायक प्रतीक बनकर सामने आया। यह आयोजन केवल सहायक उपकरण वितरण तक सीमित नहीं रहा, बल्कि दिव्यांग बच्चों के आत्मसम्मान, आत्मविश्वास और भविष्य की संभावनाओं को सशक्त करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल सिद्ध हुआ। इस विशेष शिविर के माध्यम से कुल 139 दिव्यांग बच्चों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप सहायक उपकरण प्रदान किए गए। इनमें श्रवण बाधित बच्चों के लिए बाईस श्रवण यंत्र, छब्बीस व्हील चेयर, आठ तिपहिया साइकिल, छह सहायक कुर्सियां, चौबीस बैसाखियां, छह चलने में सहायक उपकरण, बारह ब्रेल किट, आठ दृष्टिबाधित छड़ें तथा बौद्धिक दिव्यांग बच्चों के लिए चालीस शिक्षण-अधिगम सामग्री किट वितरित की गईं। उपकरण प्राप्त करते समय बच्चों के चेहरों पर खिली मुस्कान, आंखों में चमक और आत्मविश्वास इस बात का प्रमाण थी कि सही संसाधन मिलने पर कोई भी बाधा सफलता के मार्ग में रुकावट नहीं बन सकती। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार दिव्यांग बच्चों के सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है।

विशिष्ट अतिथि उप जिलाधिकारी (न्यायिक) मोदीनगर रामशंकर ने कहा कि प्रशासन और शिक्षा विभाग मिलकर यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि सरकारी योजनाओं का वास्तविक लाभ सीधे दिव्यांग बच्चों तक पहुंचे। उन्होंने इस आयोजन को सामाजिक उत्तरदायित्व और सुशासन की प्रेरणादायक मिसाल बताया। विशिष्ट अतिथि महानगर अध्यक्ष, स्ववित्तपोषित प्रगतिशील विद्यालय प्रबंधक संघ एवं अध्यक्ष अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल नरेन्द्र कुमार 'बिल्लूज ने कहा कि दिव्यांग बच्चों के लिए किया गया प्रत्येक प्रयास राष्ट्र निर्माण की नींव को मजबूत करता है। जब शिक्षा, समाज और प्रशासन एकजुट होकर कार्य करते हैं, तभी स्थायी और सकारात्मक परिवर्तन संभव होता है।

# राजनगर एक्सटेंशन में मकान मालकिन की गला घोंटकर हत्या, शव के टुकड़े कर सूटकेस में छिपाया

वेलकम इंडिया





**गाजियाबाद।** किसी की हत्या कर शव के टुकड़े करना अब मानो अपराध की दुनिया में एक भयावह प्रवृत्ति बनती जा रही है। मेरठ में हुए सौरभ हत्याकांड के बाद देश के विभिन्न हिस्सों से ऐसे कई मामले सामने आ चुके हैं, जिन्हें सुनकर लोगों की रूह तक कांप जाती है। इसी कड़ी में अब गाजियाबाद से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है, जिसने पूरे शहर को स्तब्ध कर दिया है।

राजनगर एक्सटेंशन स्थित ओरा सुमेरा सोसायटी में बुधवार रात किराया मांगने पर एक मकान मालकिन की बेरहमी से हत्या कर दी गई। आरोप है कि किराएदार दंपती ने पहले महिला का चुन्नी से गला घोंटा, फिर उसके पति ने सिर पर प्रेशर कुकर से वार कर उसकी हत्या कर दी। यही नहीं, हत्या के बाद आरोपियों ने शव के टुकड़े कर उन्हें एक बड़े लाल रंग के सूटकेस में भरकर छिपा दिया। मृतका की पहचान दीपशिखा शर्मा के रूप में हुई है, जो मूल रूप से मवाना की निवासी थीं। उनके पति उमेश शर्मा हापुड़ के स्वर्ग आश्रम रोड क्षेत्र में रहते हैं और एक निजी कंपनी में कार्यरत हैं। दीपशिखा बीते लगभग पंद्रह वर्षों से राजनगर एक्सटेंशन की इसी सोसायटी में पति और बेटी खुशी के साथ रह रही थीं। परिजनों के अनुसार दीपशिखा ने करीब एक वर्ष पूर्व अपना फ्लैट अजय गुप्ता को अठारह हजार रुपये प्रतिमाह किराए पर दिया था। बीते पांच महीनों से किराएदार ने किराया नहीं दिया था। बुधवार शाम किराएदार ने स्वयं फोन कर किराया लेने के लिए बुलाया था, जिसके बाद दीपशिखा फ्लैट पर पहुंचीं, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटीं और उनका फोन लगातार बजता रहा। घटना की जानकारी देते हुए घर में काम करने वाली घरेलू सहायिका मिनी ने बताया कि जब दीपशिखा देर तक नहीं लौटीं तो उसे संदेह हुआ। वह संबंधित फ्लैट पर पहुंची, जहां किराएदार महिला ने बताया कि मकान मालकिन किराया लेकर जा चुकी हैं। तलाश के दौरान जब दीपशिखा का कहीं पता नहीं चला तो मिनी और उनके पति दोबारा फ्लैट पर पहुंचे। कुछ समय बाद मिनी ने किराएदार महिला को टावर के नीचे लाल रंग का भारी सूटकेस लेकर खड़े देखा। शक होने पर उसने महिला को रोककर दोबारा ऊपर ले गई। फ्लैट के भीतर फर्श पर खून के छींटे देखकर मिनी का संदेह और गहरा हो गया। जब सूटकेस खोला गया तो अंदर दीपशिखा का शव देख सभी के होश उड़ गए। तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची थाना नंदग्राम पुलिस ने दोनों आरोपियों अजय गुप्ता और आकृति गुप्ता को हिरासत में ले लिया। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि किराए को लेकर विवाद हुआ था, इसी दौरान गुस्से में आकर उन्होंने हत्या कर दी। घटना के संबंध में सहायक पुलिस आयुक्त नंदग्राम उपासना पाण्डेय ने बताया कि बुधवार रात लगभग 11 बजकर 15 मिनट पर पुलिस को सूचना मिली थी कि ओरा सुमेरा सोसायटी में हत्या की घटना हुई है।

मौके पर पहुंचकर जांच करने पर पाया गया कि दीपशिखा शर्मा अपने दूसरे फ्लैट पर किराया लेने गई थीं, जहां देर रात तक न लौटने पर घरेलू सहायिका को संदेह हुआ। संदिग्धता के आधार पर तलाशी लेने पर लाल बैग में शव बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि किराएदार अजय गुप्ता एवं आकृति गुप्ता को पुलिस हिरासत में ले लिया गया है।

# एमएमजी अस्पताल का डीएम ने किया औचक निरीक्षण

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** जनस्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़, संवेदनशील एवं मानवीय बनाने की दिशा में जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मॉंदड़ ने गुरुवार को जीटी रोड स्थित एमएमजी जिला चिकित्सालय का विस्तृत निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अस्पताल की समस्त व्यवस्थाओं का गहनता से अवलोकन किया तथा मरीजों और उनके परिजनों से सीधे संवाद कर उन्हें उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं की वास्तविक स्थिति की जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी विभिन्न वार्डों में पहुंचे और वहां भर्ती मरीजों का हालचाल जाना।

उन्होंने मरीजों से चिकित्सकों द्वारा समय पर उपचार, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, उपचार की गुणवत्ता, परिचारिका कर्मियों एवं अन्य कर्मचारियों के व्यवहार के संबंध में जानकारी ली। मरीजों द्वारा दी गई प्रतिक्रियाओं को गंभीरता से सुनते हुए जिलाधिकारी ने संतोष व्यक्त किया कि अस्पताल में मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, साथ ही जहां आवश्यक था वहां सुधार के स्पष्ट निर्देश भी दिए। इस अवसर पर जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मॉंदड़ ने मरीजों के बीच फल वितरित कर उनका मनोबल बढ़ाया। ठंड के मौसम को ध्यान में रखते हुए उन्होंने अस्पताल परिसर में मौजूद जरूरतमंद मरीजों एवं उनके परिजनों को कंबल भी वितरित किए।

जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा है कि अस्पताल में आने वाला कोई भी व्यक्ति असुविधा का अनुभव न करे और जरूरतमंदों को समय पर हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अस्पताल परिसर एवं रात्रि विश्राम गृह की स्वच्छता व्यवस्था का भी बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सफाई व्यवस्था में किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए तथा नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए, ताकि मरीजों और उनके परिजनों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं स्वस्थ वातावरण प्राप्त हो सके।

# अनुशासन, सेवा और नेतृत्व का जीवंत प्रशिक्षण बना स्काउट-गाइड शिविर

वेलकम इंडिया



**एनसीआर।** हरलाल प्रबंधन एवं प्रौद्योगिकी संस्थान के शिक्षा विभाग द्वारा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को लक्ष्य बनाते हुए गुरुवार को त्रिदिवसीय स्काउट-गाइड प्रशिक्षण शिविर का भव्य आयोजन किया गया। यह शिविर विद्यार्थियों में अनुशासन, सेवा भावना, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक जिम्मेदारियों के विकास का सशक्त माध्यम बनकर उभरा।

शिविर के दौरान तंबू निरीक्षण, टोली परिचय जैसी गतिविधियों ने कार्यक्रम को अत्यंत रोचक और शिक्षाप्रद बनाया। शिविर का शुभारंभ संस्थान के अध्यक्ष एच. एस. बंसल, सचिव अनिल बंसल, सह सचिव अनमोल बंसल, समूह निदेशक डॉ. सुधीर कुमार, कार्यकारी निदेशक डॉ. विक्रांत चौधरी, शिक्षा विभाग की प्राचार्या डॉ. मनोरमा तथा प्रबंधक अधिकारी कविता चौधरी द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर विधिवत रूप से किया गया। इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष एच. एस. बंसल ने स्काउट-गाइड आंदोलन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह विद्यार्थियों को जीवन में अनुशासन, आत्मनिर्भरता और राष्ट्र सेवा की भावना से जोड़ता है। उन्होंने सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्राचार्या डॉ. मनोरमा ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में स्काउट-गाइड गतिविधियों, नियमों और उनके सामाजिक महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासन, सेवा भाव, नेतृत्व क्षमता, उत्तम आचरण के विकास के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। त्रिदिवसीय स्काउट-गाइड प्रशिक्षण शिविर का समापन समारोह संस्थान परिसर में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस शिविर का संचालन हिंदुस्तान स्काउट-गाइड, उत्तर प्रदेश के प्रशिक्षक मोहित, मोनिका एवं निधि द्वारा किया गया, जिन्होंने विद्यार्थियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया। शिविर के दौरान पिरामिड निर्माण, प्राथमिक उपचार, विभिन्न प्रकार की गांठें, विशेष तालियाँ, नुक्कड़ नाटक, नृत्य एवं खेलकूद जैसी विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया। शिविर के अंतिम दिन छात्र एवं छात्राओं द्वारा तंबू निर्माण किया गया, जिसका मुख्य अतिथियों ने निरीक्षण किया।

## बंद मकान को चोरों ने बनाया निशाना

**गाजियाबाद।** कविनगर थानाक्षेत्र के बालाजी एन्क्लेव में अज्ञात चोरों ने बंद मकान की निशाना बनाकर सोने-चांदी के आभूषण और नकदी समेत लाखों का माल चोरी कर ली। घटना के वक्त पीड़ित परिवार शादी समारोह में बाहर गया हुआ था। वापस आने पर घटना का पता चला। पुलिस का कहना है कि केस दर्ज कर चोरों को ट्रेस करने का प्रयास किया जा रहा है। बालाजी एन्क्लेव निवासी राजेश आनंद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीते 11 दिसंबर को वह परिवार सहित रिश्तेदार की शादी में शामिल होने के लिए बाहर गए थे। 14 दिसंबर की शाम करीब चार बजे जब वह वापस लौटे तो मकान के मुख्य गेट और ऊपर के एंट्री गेट दोनों के ताले टूटे हुए मिले। अंदर कमरे में रखी अलमारी और उसका लॉकर भी खुला हुआ था। जांच करने पर पता चला कि अलमारी में रखा कीमती सामान गायब है। राजेश आनंद के मुताबिक चोरी हुए सामान में सोने की पार अंगूठियां, दो चेन, कान के तीन जोड़ी कुंडल, कान का एक अन्य आभूषण, नाक की तीन कील, सोने का लॉकेट, चांदी की दो जोड़ी पायल, चांदी का एक कमरबंद और करीच ढाई हजार रुपये की नगदी शामिल है।

# मालदीव सिविल सर्विसेज के 30 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने किया यशोदा मेडिसिटी का दौरा



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** भारत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक अग्रणी स्वास्थ्य गंतव्य के रूप में स्थापित करने में यशोदा मेडिसिटी निरंतर नई उपलब्धियां जोड़ रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को मालदीव सिविल सर्विसेज के 30 सदस्यीय वरिष्ठ प्रतिनिधिमंडल ने यशोदा मेडिसिटी का दौरा कर इसकी अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं, उन्नत तकनीक और मरीज-केंद्रित सेवाओं का प्रत्यक्ष अनुभव किया। यह दौरा भारत और मालदीव के बीच स्वास्थ्य सहयोग को नई दिशा देने वाला साबित हुआ।

यशोदा मेडिसिटी पहुंचने पर प्रतिनिधिमंडल का पारंपरिक एवं आत्मीय स्वागत किया गया। दौरे के दौरान अधिकारियों ने यशोदा मेडिसिटी के विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर, अत्याधुनिक ऑपरेशन थिएटर, स्मार्ट आईसीयू, डिजिटल डायग्नोस्टिक सिस्टम और अंतरराष्ट्रीय मानकों पर आधारित उपचार व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने विभिन्न सुपर स्पेशियलिटी विभागों का भ्रमण करते हुए वहां उपलब्ध अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरणों और विशेषज्ञ डॉक्टरों की सेवाओं की सराहना की।

वरिष्ठ चिकित्सा विशेषज्ञों के साथ हुई विस्तृत बातचीत में मरीज-केंद्रित देखभाल, नैदानिक उत्कृष्टता, सटीक एवं समयबद्ध उपचार, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित तकनीकों तथा नवाचारों पर आधारित चिकित्सा पद्धतियों पर गहन चर्चा हुई। प्रतिनिधिमंडल को यह भी बताया गया कि किस प्रकार यशोदा मेडिसिटी जटिल और गंभीर रोगों के उपचार में भी उच्च सफलता दर के साथ कार्य कर रहा है।

इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय मरीजों को उच्च गुणवत्ता, सुरक्षित एवं विशेषीकृत चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने में यशोदा मेडिसिटी की महत्वपूर्ण भूमिका को विशेष रूप से रेखांकित किया गया। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने माना कि यशोदा मेडिसिटी न केवल भारत, बल्कि पूरे एशिया क्षेत्र में उन्नत स्वास्थ्य सेवाओं का एक विश्वसनीय केंद्र बनकर उभरा है, जिससे मेडिकल टूरिज्म के क्षेत्र में भारत की प्रतिष्ठा और अधिक मजबूत हुई है। यशोदा मेडिसिटी के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. पी. एन. अरोड़ा ने कहा कि यशोदा मेडिसिटी का उद्देश्य केवल उपचार तक सीमित नहीं है, बल्कि मानवता, नवाचार और वैश्विक सहयोग के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं को एक नए स्तर तक ले जाना है।

# डिजिटल युग की दंत चिकित्सा की ओर सशक्त कदम



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** दंत चिकित्सा के क्षेत्र में आधुनिक तकनीकों को अपनाते हुए आई.टी.एस. डेंटल कॉलेज मुरादनगर द्वारा 17 एवं 18 दिसंबर गुरुवार को 'डिजिटल दंत चिकित्साज विषय पर एक भव्य दो दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य दंत चिकित्सा में तेजी से विकसित हो रही डिजिटल तकनीकों की गहन जानकारी प्रदान करना तथा विद्यार्थियों और चिकित्सकों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करना रहा। इस शैक्षणिक कार्यशाला में संस्थान के स्नातकोत्तर दंत शल्य चिकित्सा पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों के साथ-साथ सभी दंत विभागों के विभागाध्यक्षों एवं दंत चिकित्सकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

पूरे कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों में सीखने की जिज्ञासा और नवीन तकनीकों को अपनाने का उत्साह स्पष्ट रूप से देखने को मिला। कार्यशाला का आयोजन चेयरमैन डॉ. आर. पी. चड्ढा एवं वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा के मार्गदर्शन में किया गया।

# यातायात एवं परिवहन व्यवस्था को लेकर 'क्या करें-क्या न करें पर विस्तृत दिशा-निर्देश जारी

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** जनपद में संभावित शीतलहरी को देखते हुए जिला प्रशासन ने नागरिकों की सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं। उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, लखनऊ द्वारा जारी विभागवार दिशा-निर्देशों के क्रम में जिलाधिकारी कार्यालय एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, गाजियाबाद द्वारा शीतलहरी से बचाव हेतु विस्तृत परामर्श जारी की गई है। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) सौरभ भट्ट के अनुसार शीतलहरी के दौरान जनसामान्य को मौसम संबंधी सूचनाओं के प्रति सजग रहना अत्यंत आवश्यक है। नागरिकों को रेडियो, दूरदर्शन एवं समाचार पत्रों के माध्यम से स्थानीय मौसम पूवार्नुमान की जानकारी नियमित रूप से प्राप्त करनी चाहिए, जिससे शीतलहरी की संभावना के प्रति पहले से तैयारी की जा सके। ठंड से बचाव के लिए पर्याप्त ऊनी वस्त्र पहनने की सलाह दी गई है, जिसमें कपड़ों की कई परतें शरीर को अधिक गर्म रखने में सहायक होती हैं। साथ ही आवश्यक आपातकालीन सामग्री पहले से एकत्र कर सुरक्षित रखने पर भी जोर दिया गया है।

परामर्श में बताया गया कि शीतलहरी के दौरान सर्दी से संबंधित बीमारियों जैसे जुकाम, नाक बहना, नाक बंद होना या नाक से रक्तस्राव की संभावना बढ़ जाती है। लंबे समय तक ठंड के संपर्क में रहने से यह समस्याएं गंभीर रूप ले सकती हैं, इसलिए ऐसे लक्षण दिखाई देने पर तुरंत चिकित्सक से संपर्क करने की सलाह दी गई है। यातायात एवं परिवहन विभाग के संबंध में जारी दिशा-निर्देशों में विशेष रूप से सड़क सुरक्षा पर जोर दिया गया है।

शीतलहरी एवं घने कोहरे के कारण दृश्यता कम होने की स्थिति में सभी प्रकार के वाहनों को अत्यधिक सावधानी से चलाने के निर्देश दिए गए हैं। सड़कों पर परावर्तक संकेतक और रात्रि दृश्यता बनाए रखने वाले चिन्हों को दुरुस्त रखने तथा पुलों, ऊपरी पुलों और नमी वाले मार्गों पर फिसलन से बचाव हेतु रेत अथवा नमक का छिड़काव सुनिश्चित करने को कहा गया है।

# बरेली स्टेट चैंपियनशिप के लिए गाजियाबाद की टीम रवाना



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन और सांस्कृतिक विरासत को वैश्विक पहचान दिलाने की दिशा में गाजियाबाद जनपद एक नए अध्याय की ओर बढ़ रहा है। दुर्गावती देवी सभागार, विकास भवन में गुरुवार को मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश की पहली रात्रिकालीन विरासत दौड़ 'गाजियाबाद विरासत दौड़ 2026 - विरासत के साथ दौड़ें, इतिहास को महसूस करेंज्का औपचारिक शुभारंभ किया गया। इसी अवसर पर बरेली में आयोजित होने जा रही 10वीं एथलेटिक्स एवं पावर लिफ्टिंग राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 2025 को लेकर मीडिया से विस्तृत संवाद किया गया।

मुख्य विकास अधिकारी एवं उत्तर प्रदेश खेल संघ के पदाधिकारियों ने जानकारी दी कि बरेली के बीएल एग्रो मैदान में 20 और 21 दिसंबर 2025 को आयोजित होने वाली 10वीं एथलेटिक्स एवं पावर लिफ्टिंग राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रदेश के सभी जनपदों की टीमें भाग लेंगी। गाजियाबाद जनपद से कुल 10 चयनित खिलाड़ी इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। यह प्रतियोगिता भारतीय पैरालंपिक समिति के नियमों एवं विनियमों के अंतर्गत आयोजित की जाएगी, जिसमें दिव्यांगता की सभी श्रेणियों में बालक एवं बालिका वर्ग की प्रतियोगिताएं होंगी। गाजियाबाद से चयनित खिलाड़ी विभिन्न स्पधाओं में भाग लेंगे, जिनमें गोला फेंक, भाला फेंक, चक्का फेंक, सौ मीटर, दो सौ मीटर दौड़, व्हीलचेयर स्पर्धा तथा पावर लिफ्टिंग शामिल हैं। खिलाडि ?ों को ट्रैक सूट और खेल किट प्रदान कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए रवाना किया गया तथा उन्हें भविष्य में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी गईं। इसी कार्यक्रम के दौरान गाजियाबाद जनपद में आयोजित होने जा रही ऐतिहासिक गाजियाबाद विरासत दौड़ 2026 की विस्तृत जानकारी साझा की गई। मुख्य विकास अधिकारी श्री अभिनव गोपाल ने बताया कि यह आयोजन 07 मार्च 2026 को सायंकाल आयोजित किया जाएगा और यह उत्तर प्रदेश की पहली रात्रिकालीन विरासत दौड़ होगी।

## उत्तर प्रदेश की पहली रात्रिकालीन हेरिटेज दौड़ का औपचारिक शुभारंभ

उन्होंने कहा कि यह आयोजन माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 'स्वस्थ भारत अभियानज् को सशक्त करने के साथ-साथ गाजियाबाद की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहरों को जन-जन तक पहुंचाने का एक अभिनव प्रयास है। उन्होंने जानकारी दी कि इस दौड़ में 10 हजार से 15 हजार प्रतिभागियों के शामिल होने की संभावना है। प्रतियोगिता में इक्कीस दशमलव एक किलोमीटर की अर्ध मैराथन, दस किलोमीटर, पांच किलोमीटर और तीन किलोमीटर की दौड़ शामिल होंगी। पांच और तीन किलोमीटर की दौड़ विशेष रूप से गाजियाबाद के श्रेष्ठ विरासत मार्गों पर आयोजित की जाएगी, जिससे प्रतिभागी शहर की ऐतिहासिक धरोहरों और सांस्कृतिक गौरव को निकट से अनुभव कर सकेंगे। इस आयोजन में देश-विदेश के पेशेवर और शौकिया धावकों को आमंत्रित किया जाएगा तथा प्रसिद्ध भारतीय एथलीटों की सहभागिता भी प्रस्तावित है। आयोजकों का प्रयास रहेगा कि अर्ध मैराथन और दस किलोमीटर दौड़ में देश के मौजूदा राष्ट्रीय कीर्तिमानों को चुनौती दी जा सके, जिससे गाजियाबाद को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेल मानचित्र पर विशिष्ट पहचान प्राप्त हो।

# खेल भावना, अनुशासन और जोश का उत्सव बना निर्मल ज्योति बजाज फुटबॉल टूनार्मेंट

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** कवि नगर स्थित के. डी. बी. पब्लिक स्कूल के विशाल प्रांगण में गुरुवार को सातवाँ निर्मल ज्योति बजाज अंतर विद्यालय फुटबॉल टूनार्मेंट 2025 अत्यंत उत्साह, ऊर्जा और खेल भावना के साथ प्रारंभ हुआ। यह त्रिदिवसीय प्रतियोगिता 18 से 20 दिसंबर 2025 तक आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता का आयोजन प्रतिवर्ष स्वर्गीय श्रीमती निर्मल ज्योति बजाज की स्मृति में बड़े हर्षोल्लास और गरिमा के साथ किया जाता है। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ उन्हें जीवन की चुनौतियों का साहसपूर्वक सामना करने के लिए तैयार करना है। इस प्रतिष्ठित फुटबॉल प्रतियोगिता में गाजियाबाद जनपद के 20 नामचीन विद्यालयों की टीमों ने भाग लेकर खेल प्रतिभा और अनुशासन का शानदार प्रदर्शन किया।

उद्घाटन समारोह में खेल प्रेमियों, विद्यार्थियों और शिक्षकों की भारी उपस्थिति ने आयोजन को विशेष गरिमा प्रदान की। प्रतियोगिता के प्रथम दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय फुटबॉल जगत की जानी-मानी हस्ती, अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल महासंघ द्वारा मान्यता प्राप्त रेफरी तथा एशियाई फुटबॉल परिसंघ के एलीट पैनल के सदस्य श्री रिजवान-उल-हक उपस्थित रहे। वह भारत के पहले ऐसे रेफरी हैं जिन्होंने अनेक अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल मुकाबलों में निर्णायक की भूमिका निभाकर देश का नाम रोशन किया है।

## हत्या के प्रयास में फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने दबोचा

**गाजियाबाद।** लोनी बॉर्डर थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास में फरार चल रहे एक आरोपी को गुरुवार को बेहटा नहर रोड से गिरफ्तार किया है। पुलिस मामले में दोनों पक्षों के चार लोगों को पहले गिरफ्तार कर चुकी है। लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र की आंबेडकर नगर कॉलोनी में 19 मई को वर्चस्व को लेकर दो पक्षों के बीच कहासुनी के बाद मारपीट कर पथराव किया गया था। आरोप है कि इस दौरान एक दूसरे को जान से मारने की धमकी देते हुए फायरिंग की गई थी। मामले में पुलिस ने अपनी ओर से मुकदमा दर्ज किया था। एसीपी ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि पुलिस ने दोनों पक्षों के पीयूष, अमन, विशाल निवासी बेहटा हाजीपुर थाना लोनी बॉर्डर और गौरव निवासी दिलशाद गार्डन को गिफ्तार कर जेल भेजा था।